


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 133 रांची, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 (वैशाख कृष्ण 03, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## संक्षिप्त

### सुप्रीम कोर्ट : व्हाट्सएप पर मिलेगी दाखिल और सूचीबद्ध मुकदमों की सूचना

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा।

### पति का स्त्रीधन पर नियंत्रण नहीं : सुप्रीम कोर्ट


**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा कि पत्नी के स्त्रीधन पर पति का नियंत्रण नहीं हो सकता। पति मुसीबत में स्त्रीधन का इस्तेमाल तो कर सकता है, लेकिन बाद में उसे लौटाना उसका नैतिक दायित्व है। महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। उसे अपनी मर्जी से खर्च करने का पूरा अधिकार है। कोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति को उसकी पत्नी के खोये हुए सोने के बदले में 25 लाख रुपये देने का निर्देश देते हुए सुनाया।

### जैसलमेर में वायुसेना का विमान क्रैश

**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना का एक 'रिमोटली पायलटेड विमान' गुरुवार को जैसलमेर जिले में क्रैश हो गया। इस हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ है। घटना की जांच के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का आदेश दिया गया है।

### अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के एक सहायक ऐप पर आइपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि तमन्ना को 29 अप्रैल को अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि फेयरप्ले सट्टेबाजी ऐप पर आइपीएल मैच को देखने के लिए किये गये प्रचार के संबंध में तमन्ना भाटिया को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज करायी गयी एक शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि साल 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी ऐप पर कुछ आइपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था। इस मामले में गवाह के तौर पर बयान दर्ज कराने के लिए अभिनेत्री को बुलाया गया है। इस मामले में गायक बादशाह, संजय दत्त और जैकलीन फर्नांडीज के प्रबंधकों के बयान दर्ज हो चुके हैं।



## आगरा की सार्वजनिक सभा में दहाड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बोले

# एससी, एसटी, ओबीसी के हक पर डाका डालनेवालों की अब खैर नहीं

एजेंसियां, आगरा

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आगरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे देश ने तुष्टीकरण की राजनीति बहुत देखी है, इसने देश को टुकड़ों में बांट दिया है। तुष्टिकरण की राजनीति ने सच्चे और ईमानदार लोगों का हक छीन लिया है। इसलिए मोदी तुष्टीकरण को समाप्त कर संतुष्टि की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एससी, एसटी, ओबीसी के हक पर डाका डालने और बहनों के मंगलसूत्र पर नजर डालने से पहले इंडी गठबंधन वालों दीवार पर लिखा हुआ पढ़ लो और सुन लो कि 'जब तक मोदी जिंदा है, तब तक ऐसा कोई भी पाप करने से पहले आपको मोदी से निपटना होगा'। हमारा संकल्प है- जो भी भ्रष्टाचारी हैं उनकी जांच होगी, जिन्होंने गरीबों को लूटा है वह लूट का पैसा गरीबों

**'कांग्रेस के मेनिफेस्टो में लूट की योजना, स्त्री धन पर नजर'**



को वापस मिलेगा।

आगरा में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मोदी की गारंटी 'सबका साथ, सबका विकास' की है। लेकिन एसपी-कांग्रेस इंडी गठबंधन के लिए, उनका वोट बैंक विशेष है। पीएम मोदी ने कहा, चाहे वह हमारे 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड हो या भाजपा का घोषणा पत्र हो, हमारा जोर है संतृप्ति पर। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर किसी को मिले, बिना बिचौलियों के पूरा लाभ मिले। यही भाजपा का संतृप्ति मॉडल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आजादी के बाद यह साफ हो गया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। ये संविधान सभा में चर्चा के बाद तय हुआ है। संविधान सभा में जो चर्चा हुई थी, जिसको बाबा साहेब ने लिखा था। बाबा साहब की इच्छा थी, यही संविधान की मूल भावना है। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो रोज बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करती है, संविधान का अपमान करती है, सामाजिक न्याय की धज्जियां उठा देती है और फिर आंसू बहाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर एक बार फिर से हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस की घोषणापत्र में लूट की योजना है। उन्होंने कहा, कांग्रेस माताओं और बहनों की धन पर भी नजर गड़ाए हुए है।

दरअसल पित्रोदा ने कहा था कि अमेरिका में विरासत कर की व्यवस्था है। उन्होंने इसके बारे में चर्चा करते हुए कहा था कि भारत में भी ऐसी व्यवस्था लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने विरासत कर की पैरवी कर दी। इधर पित्रोदा के बयान पर बीजेपी और खुद पीएम मोदी कांग्रेस पर लगातार हमला कर रहे हैं।

## गुमला में बोले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

# ईस्ट इंडिया की तरह पूंजीपतियों की पार्टी है भारतीय जनता पार्टी



- सुखदेव भगत के नामांकन में शामिल होने आए सीएम ने नगर भवन में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**गुमला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि भाजपा ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह पूंजीपतियों की पार्टी है। पीएम नरेंद्र मोदी पूंजीपतियों के लिए वोट मांग रहे हैं। गरीबों की उन्हें चिंता नहीं है। राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पीएम आवास योजना का पैसा मांगते रह गए, लेकिन मोदी ने पैसा नहीं दिया। गरीबों का घर बनाने के लिए हमने अबुआ आवास योजना देने का काम किया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस नेता सुखदेव भगत के नामांकन में शामिल होने आए मुख्यमंत्री ने नगर भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन के नाम पर नरेंद्र मोदी झूठ की गारंटी दे रहे हैं। गुजरात में घोटाला कर नीरव मोदी विदेश में बैठा है। यहां भ्रष्टाचार की बात कर रहे हैं। पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य में तीन गुणा वृद्धि हो गयी, महंगाई की बात करते हैं। हर चमकने वाली चीज सोना नहीं होती है। रोल गोल्ड को पहचानें।

मोदी झारखंड को वनांचल कहते हैं, आदिवासी को वनवासी कहते हैं। बहरुपिए को पहचानिए। चंपाई ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को समर्थन करने का आह्वान किया। इसके पूर्व गुलाम अहमद मीर ने विधानसभा वार सबकी हाजिरी लगाई और सभी विधायक को अपने-अपने क्षेत्र में मेहनत करने की अपील की। शेष पेज 08 पर

# माकपा ने राजमहल सीट पर उतारा उम्मीदवार

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

आईएनडीआईए में सीट शेयरिंग से असंतुष्ट भाकपा की तरह माकपा ने भी अब अपना प्रत्याशी उतार दिया है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में केवल राजमहल सीट पर माकपा ने अपना प्रत्याशी उतारा है। माकपा के गोपेन सोरेन नौ मई को नामांकन दाखिल करेंगे। राजमहल सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विजय हांसदा को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने राजमहल सीट पर ताला मरांडी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इससे पूर्व, भाकपा ने आईएनडीआईए में जगह नहीं मिलने पर राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी है।

**झारखंड में आईएनडीआईए को फिर लगा झटका**



इनमें लोहरदगा, पलामू, चतरा, दुमका, कोडरमा, हजारीबाग, गोड्डा व रांची शामिल हैं। चार सीटों पर भाकपा ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। शेष सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा होगी।

**वामदल के प्रति उदासीनता :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने एक बयान जारी कर कहा कि झारखंड में आईएनडीआईए में शामिल दलों के बीच सीट शेयरिंग आंशिक रूप से ही हुआ है। सत्तारूढ़ पार्टियों ने माकपा से कोई चर्चा भी नहीं की। वामदलों के प्रति उदासीनता महागठबंधन नेतृत्व की कमजोरी है। यही वजह है कि पार्टी ने चुनाव लड़ने का फैसला किया। शेष पेज 08 पर

# गांडेय विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगी कल्पना सोरेन

- झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से समीर मोहंती को बनाया उम्मीदवार

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) ने तीसरी और अंतिम लिस्ट जारी कर दी। इसके साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी गयी। पार्टी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है। बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को जमशेदपुर से टिकट दिया गया है, वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टी ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया है।





बता दें कि, झामुमो द्वारा इससे पहले चार लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है। लोकसभा चुनाव में कुल 14 सीटों में इंडिया गठबंधन के तहत पांच सीटें झामुमो के खाते में आयी हैं। सात सीटें कांग्रेस, राजद व भाकपा माले को एक-एक सीट मिली है।

**झामुमो के पहले से चार उम्मीदवार हो चुके हैं घोषित :** झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करने के बाद झामुमो द्वारा जमशेदपुर सीट से भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी गयी। पार्टी ने समीर मोहंती के नाम पर मुहर लगा दी। झामुमो ने पिछले दिनों लोकसभा चुनाव 2024 को दूसरी सूची जारी की थी। इसमें दो लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की गयी थी। आरक्षित लोकसभा सीट राजमहल से विजय हांसदा, वहीं सिंहभूम से जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले भी झामुमो ने दो लोकसभा सीटों दुमका व गिरिडीह पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। दुमका से नलिन सोरेन व गिरिडीह सीट से मथुरा प्रसाद महतो को प्रत्याशी बनाया है। शेष पेज 08 पर

# पटना के होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत

एजेंसियां, पटना

राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।





गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। शेष पेज 08 पर

# रांची के प्रियांश प्रांजल बने झारखंड के जेईई टॉपर

**रांची।** जेईई मेंसस 2024 के रिज्लट कल रात बुधवार को जारी कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में झारखंड से रांची के प्रियांश प्रांजल ने टॉप किया है। प्रियांश ने पूरे देश में 30 वां रैंक हासिल किया है। प्रियांश फिलहाल जेवीएम श्यामली में पढ़ाई कर रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें पहले इसकी जानकारी नहीं थी। जब उनके एक दोस्त ने उन्हें बधाई का संदेश भेजा तब उन्हें पता चला। दरअसल, जेईई ने टॉप करने वालों की लिस्ट जारी की थी। टॉपर लिस्ट में अपना देख कर प्रियांश की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रियांश ने तुरंत अपने माता-पिता को आवाज लगाई और उन्हें टॉप करने की जानकारी दी। प्रियांश के माता- पिता ने रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी। खबर मिलने के बाद पूरे परिवार में खुशी और जश्न का माहौल है।



**आईआईटी बॉम्बे में लेने चाहते हैं एडमिशन :** प्रियांश ने अपने भविष्य की बात करते हुए बताया कि उन्हें आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करनी है, लेकिन अगर मौका मिले तो फिजिक्स और मैथ्स में आगे की पढ़ाई करें।

**प्रिंसपल ने क्या कहा :** जेवीएम श्यामली के प्रिंसपल ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उनके स्कूल ने झारखंड को टॉपर दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूल छात्रों को अनुशासित बनाता है।

## लोकसभा चुनाव: दूसरे चरण का मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

# 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोट डालेंगे मतदाता

एजेंसियां, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान शुक्रवार को होगा। आयोग ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है।

बताया गया है कि मौसम सामान्य रहने की संभावना है और मतदाता आराम से अपना वोट डाल सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुविधाओं समेत गर्म मौसम की स्थिति से निपटने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम किए



गए हैं। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित है। इसमें 6 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर अब मतदान तीसरे चरण में कराया जाएगा। मणिपुरी बाहरी सीट पर दो बार में मतदान कराया जा रहा है। इस बार इस सीट के एक हिस्से में मतदान होगा। शेष पेज 08 पर

### कौन-कौन खास नेता हैं चुनावी मैदान में

इस चरण में वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव मैदान में है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। इसी चरण में केरल में तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है। इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। यहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर सीट से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल ही में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में हैं।

# यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

**पटना।** अपने वीडियोज के जरिए देश में अलग नाम बना चुके मनीष कश्यप से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। बिहार के यूट्यूबर मनीष कश्यप बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। कश्यप को तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों को प्रताड़ित किये जाने के फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में पिछले साल गिरफ्तार किया गया था। कश्यप इस समय जमानत पर हैं। कश्यप एक कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी तथा सह-प्रभारी संजय मयूख और मनोज तिवारी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर कश्यप की मां भी मौजूद रहीं। कश्यप ने पत्रकारों से कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम करने के लिए भाजपा में शामिल हुआ हूं। जब मैं नौ महीने जेल में था तो मेरी मां ने मेरे लिए लड़ाई लड़ी और उन्होंने ही मुझे भाजपा में शामिल होने के लिए कहा।''



उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा नेता तिवारी ने कश्यप के भाजपा में शामिल होने पर खुशी जताई और आरोप लगाया कि उन्हें (मनीष कश्यप) सलाखों के पीछे डाल दिया गया, क्योंकि ''कुछ लोग'उन्हें चुप कराना चाहते थे। तिवारी ने कहा, ''मनीष कश्यप ने लोगों के मुद्दे उठाए और हमेशा प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में बात की। लेकिन, इस देश में कुछ गैर-भाजपा सरकारों ने उन्हें बहुत परेशान किया।' उन्होंने कश्यप को यह भी आश्वासन दिया कि भाजपा उन्हें उनकी क्षमताओं के आधार पर ''भविष्य में'उचित भूमिका सौंपेगी।

# रामगढ़ में 132 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता

**रामगढ़** ।रामगढ़ पुलिस लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पतरातु थाना क्षेत्र के कुरबीज गांव में छापेमारी कर 132 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा गया है। इस बात की जानकारी गुरुवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है।उन्होंने बताया कि बुधवार की रात पुलिस को यह सूचना मिली थी की कुरबीज मंडाटांड़ में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है।एक घर में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया है। पुलिस ने वहां घूरन गोप को पकड़ा उसके पास से 650 एमएल किंगफिशर बियर की 60 बोतल, 375 एमएल रॉयल स्टैग व्हिस्की की 24 बोतल और 180 एमएल स्टर्लिंग व्हिस्की की 48 बोतल बरामद किया गया है। इस छापेमारी में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।



## महिला मतदान कर्मियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण



**खूंटी**। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में गुरुवार को प्रशिक्षण से छूटे मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक, आइटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा अलग-अलग महिला मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही सभी मतदानकर्मियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्न पूछा गया और निर्देश दिया गया गया कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली सभी जानकारी से अपने आप में संतुष्ट हो जाने तक प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया।

## संक्षिप्त

### साहू भवन ट्रस्ट वितीय वर्ष की प्रथम आम सभा 30 को

**रामगढ़**। साहू भवन ट्रस्ट वित्तीय वर्ष 2023-25 की प्रथम आम सभा आगामी 30 अप्रैल को 11:00 बजे आयोजित होगी। इसकी जानकारी प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी श्याम कुमार साह ने 25 अप्रैल को विज्ञप्ति जारी कर दिया। उन्होंने साहू भवन ट्रस्ट के सभी सम्मानित सदस्यों एवं साहू समाज रामगढ़ के आम जनों से आम सभा में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### कुएं में गिरकर किशोरी की मौत

**खूंटी**। जरियागढ थाना क्षेत्र के नगडा गांव निवासी संजय गोप की पुत्री दीपिका कुमारी (14) की मौत कुएं में गिरने से हो गई। जानकारी के अनुसार दीपिका कुमारी अपने नाना शिवाजी गोप के घर नगडा गांव में शादी समारोह में शामिल होने अपने घर रेगरे छोटका टोली से आई थी। बुधवार को खाना खाने के बाद वह खेत तरफ गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर घरवाले उसकी खोजबीन करने लगे, तो उन्हें लोगों ने बताया कि दीपिका खेत तरफ गई हैं। स्वजन जब उधर ये, तो कुएं में दीपिका के शव को देखा। उसे बाहर निकाला गया, पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना जरियागढ थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस नगडा गांव पहुंची और किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेजा दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया गया।

### विभिन्न संस्थानों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**खूंटी**। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विभिन्न संस्थानों में भी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों और बैंकों में वीएपी वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी।इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले में ग्राम स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वीप के तहत जागरूकता गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

## खूंटी संसदीय सीट से सात उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र



**खूंटी**। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन गुरुवार को सात उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिन उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें भागीदारी पार्टी के जयपाल मुंडा, निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध पूर्ति, एपीआई के सामुएल पूर्ति, झारखंड पार्टी के प्यारा मुंडू, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के थॉमस डांग, बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी तथा अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के सामड़ोम गुड़िया शामिल हैं। इनके अतिरिक्त पूर्व में नामांकन दाखिल करने वाले कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, झारखंड पार्टी की अर्पणा हंस तथा निर्दलीय बसंत कुमार लोंगा ने भी आज अन्य सेटों में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इस प्रकार खूंटी सुरक्षित सीट से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के अर्जुन मुंडा, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्र की समीक्षा शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 से की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल अपराह्न तीन बजे तक है।

# कोर्ट में बहस के दौरान एसडीओ ने अधिवक्ता को कहा अपशब्द

## अधिवक्ताओं ने एसडीओ कोर्ट का किया बहिष्कार, कहा-माफी मांगें एसडीओ

संवाददाता

**रामगढ़** । रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार और अधिवक्ता संघ के बीच जंग छिड़ गई है। अधिवक्ता संघ ने एसडीओ पर अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। साथ ही उनके कोर्ट का भी बहिष्कार कर दिया है। गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ की आपात बैठक हुई। इस बैठक में संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में मुकदमों में सुनवाई के समय बहस के दौरान वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा को एसडीओ ने अपशब्द कहा, जिससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंची।

यह वाकया बुधवार को हुआ था और अधिवक्ताओं ने तत्काल ही न्यायिक कार्य नहीं करने का फैसला ले लिया। संघ के अध्यक्ष ने यह बताया कि मुकदमे में बहस के दौरान न्यायालय में उपस्थिति लगभग 25-30 अधिवक्ताओं के समक्ष आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा संघ के वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा को इंगित करते हुए अपशब्दों का उपयोग कर अपमानित किया हैं। जिससे संघ के सभी अधिवक्ता बहुत आहत है। इसके पूर्व भी जब से आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी के रूप में न्यायालय का कार्य कर रहे हैं, तब से रोजाना किसी ने किसी अधिवक्ता के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अधिवक्तागण यह सोचकर कभी विरोध नहीं किया कि धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन कल जिस तरह से वरीय अधिवक्ता के साथ अनुमंडल दंडाधिकारी ने अपशब्द का उपयोग कर अपमानित किया है वह बहुत ही अशोभनीय, अमर्यादित है। संघ इस घटना की निंदा करता है।



इस पर आम सभा की बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं के बीच विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी के द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किए गए व्यवहार के लिए लिखित रूप से माफी नहीं मांगी जाएगी तब तक जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का कोई भी अधिवक्ता उनके न्यायालय में न्यायिक कार्य में भाग नहीं लेगा। आम सभा को संघ के महासचिव सीताराम, वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार ने भी संबोधित किया। इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि इस घटना की जानकारी उपायुक्त, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, राज्य के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केंद्र सरकार के गृहमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, स्टेट बार काउंसिल, बार काउंसिल आफ इंडिया, सभी को दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो, बंशीधर गोप, चंद्रिका सिंह, संजीव अम्बाथा, अनुज सिंह, दीपक रंजन, प्रवीण कुमार एवं अन्य अधिवक्ता की उपस्थित थे।

# कांग्रेस के पास कोई भी नीति और सिद्धांत नहीं : अविनेश कुमार

संवाददाता

**रामगढ़**। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय परिसर में गुरूवार को भाजपा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

जिसे संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जो घोषणा पत्र जारी किया गया है वह न ही राष्ट्रहित में है न समाजहित और न ही लोकहित में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है और इसबार के चुनाव में भी वह ऐसा ही करने का प्रयास कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि इसके विपरित भारतीय जनता पार्टी के लिए देशहित और समाजहित सबसे महत्वपूर्ण रहा है और भाजपा इसी को लेकर आगे बढ़ रही है। अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर पर थी जो आज 5वें नंबर है। कहा कि भाजपा का यह हमेशा प्रयास रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। कहा कि भाजपा किसी एक परिवार या जाति की पार्टी नही है और भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लेकर नीति बनाती है। कहा कि भाजपा में किसान, नौजवान, रिक्शा चालक सभी को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। वहीं, कांग्रेस की सोच माओवादी है। कहा कि यदि किसी व्यक्ति की पैतृक संपत्ति दो जगहों पर है तो कांग्रेस की नीति ऐसी है कि व्यक्ति की एक स्थान की पैतृक संपत्ति छीन सकती है। क्योंकि कांग्रेस द्वारा लोगों की पैतृक संपत्ति के मूल्यांकन की बात कही जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा कुछ ऐसे विषय लाए गए हैं जो चिंताजनक हैं। लेकिन जनता कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को समझती है इसलिए लोग उनके झांसे में नही आएंगे। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,जिला महामंत्री रंजन फौजी, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान,नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता शिव कुमार गुप्ता मौजूद थे।



### सिरूम गांव के सरहुल महोत्सव में जमकर थिरके कांग्रेस प्रत्याशी

**खूंटी**। जिले के सिरूम गांव में गुरुवार को सरहुल महोत्सव पूरी श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर आयोजित सरहुल नृत्य में कालीचरण मुंडा ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर थिरके। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम और लगाव का प्रतीक है। जंगलों को बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। सरहूल मानव सभ्यता को वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। साथ ही मानव जीवन दर्शन की मौलिकता को दशार्ता है। मुंडा ने कहा कि सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है, जरूरत है हमें इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हम प्रकृति के महत्व को समझते है। सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व आदिवासी समाज पीढ़ी दर पीढ़ी मनाता आ रहा है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व को बचाये रखना हम सभी का कर्तव्य है। महोत्सव में युवाओं की भूमिका अहम रहेगी।

### खूंटी लोकसभा सीट से सुबोध पूर्ति ने किया नामांकन

**खूंटी**। झारखंड उलगुलान संघ के समर्थन पर स्वतंत्र उम्मीदवार सुबोध पूर्ति ने गुरुवार को खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रदिाखल करने के बाद सुबोध पूर्ति ने मुरहू प्रखंड के मुंडा कुंजला में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशी सुबोध पूर्ति ने कहा कि आम चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों ने हमेशा से आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं और जन आकांक्षा तथा मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम किया है। पूर्ति ने कहा कि इस आम चुनाव में झारखंड उलगुलान संघ की अगुवाई में आदिवासी हित के लिए एकजुट होकर दबाव बनाना होगा, वरना आनेवाले समय में हम आदिवासियों का अस्तित्व, अस्मिता पहचान, संस्कृति, परंपरा, व्यवस्था और जल, जंगल, जमीन के अधिकार को समाप्त कर दिया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय चुनाव कार्यालय के प्रभारी की जिम्मेवारी रतन मुंडा को सौंपी गई।

## सरायकेला खरसावां ने कोडरमा को 12 रनों से किया पराजित




**रामगढ़**। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच गुरुवार को ग्राउंड 1. छावनी क्रिकेट ग्राउंड 48 में कोडरमा बनाम सरायकेला खरसावां के बीच खेला गया। सरायकेला खरसावां ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सरायकेला खरसावां ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 35.3 ओवर मे 120 रन बनाया और आउट हो गई। सरायकेला खरसावां के यश राज ने 49 रन एवं आयुष मुंडा 19 रन बनाया । कोडरमा की ओर से गेंदबाज अर्पित कुमार 7.3 ओवर में 29 रन देकर 5 विकेट एवं पियूष कुमार सिंह 10 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिया ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोडरमा की टीम 32.1 ओवर में 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 12 रन से मैच हार गई। कोडरमा के बल्लेबाज हसनैन राजा ने 24 रन, ध्रुव कुमार ने 24 रन, सक्षम कुमार ने 21 रन बनाया। सरायकेला खरसावां की ओर से गेंदबाज सागर कुमार यादव 10 ओवर 36 रन देकर 3 विकेट और तनय पंकज खिंवासरा ने 10 ओवर में 27 देकर 4 विकेट प्राप्त किया । मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया ।मौके पर मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अरुण कुमार राय, वीरेंद्र प्रसाद पासवान, उपेंद्र प्रसाद सिंह, महेंद्र राणा उपस्थि थे। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय,मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष, उमेश पाठक, श्वेता सिंह व अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी तनय पंकज खींवास सरायकेला खरसावां को भेंट किया।

# छावनी परिषद के नगर निकाय में विलय की अड़चन नहीं हो रही दूर

## एसेट और लायबिलिटी के बिंदु पर पदाधिकारियों ने की बैठक

संवाददाता

**रामगढ़** ।रामगढ़ छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय को लेकर अड़चनें दूर होने का नाम नहीं ले रही। कई मामले ऐसे हैं, जिस पर अभी भी रक्षा मंत्रालय राज्य सरकार से मंतव्य मांग रहा है।

झारखंड सरकार द्वारा गठित की गई टीम भी छावनी परिषद के रिवेन्यू सिस्टम की जटिलता को समझने का प्रयास कर रही है। जब तक इस जटिलता को दूर नहीं कर लिया जाए तब तक रक्षा मंत्रालय द्वारा भेजे गए प्रारूप पर कोई ठोस निर्णय लेना संभव नहीं है। छावनी परिषद के कैसे और लायबिलिटी को लेकर ही सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है हालांकि राज्य सरकार द्वारा गठित टीम इन दोनों बिंदुओं पर जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। वित्त विभाग के पदाधिकारी, रामगढ़ डीसी रोबिन टोप्पो, छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार व रक्षा मंत्रालय के पदाधिकारी बैठक में शामिल थे। डीसी ने बताया कि छावनी परिषद को नगर निकाय में विलय करने के लिए रक्षा मंत्रालय के द्वारा एक प्रारूप का प्रकाशन किया गया था। जिस पर राज्य सरकार का मंतव्य मांगा गया था।

उस प्रारूप में रक्षा मंत्रालय ने छावनी परिषद के सभी एसेट और लायबिलिटी को एक साथ राज्य सरकार को सौंपने की बात कही गई है। जबकि इससे पहले की बैठकों में यह तय किया गया था की नगर निकाय और रक्षा मंत्रालय के बीच कुछ जिम्मेदारियां बंटी रहेगी। जिसका कालांतर में विलय होगा। लेकिन प्रारूप के प्रकाशन के बाद यह बातें खत्म हो गई।




### वेतन और पेंशन की व्यवस्था पर हो रहा विचार

जिला प्रशासन के पास छावनी परिषद ने यह रिपोर्ट भेजी थी कि उनके पास 27 करोड़ का फंड है। कुछ जिम्मेदारियां अभी भी हैं। उसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी कर्मचारी और पदाधिकारी के वेतन, पेंशन और साल दर साल रिनीवल की है। जिला प्रशासन के पास यह डाटा अभी भी मौजूद नहीं है की छावनी परिषद क्षेत्र में कितने घर हैं जिससे टैक्स की वसूली की जा रही है। होल्डिंग टैक्स से कितना रिवेन्यू छावनी परिषद जमा करता है। रिवेन्यू सिस्टम पर अभी भी कई बातें स्पष्ट नहीं है। हालांकि इस बिंदु पर जल्द ही एक रिपोर्ट भी सौंपी जाएगी। उसके बाद रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी, जिस पर राज्य सरकार अपना निर्देश जारी करेगी।

# तूल पकड़ता जा रहा है स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सा के साथ दुर्व्यवहार का मामला

## मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करने पहुंची टीम दोनों पक्षों से की बात

संवाददाता

**रामगढ़** ।जिले के मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सा के साथ बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा किया गया दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और जिला प्रशासन से बड़ा बाबू नकी अहमद को दूसरे जिले में तबादला करने की मांग की है। गुरुवार को झासा की राज्य कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ पहुंचा। टीम ने 18 अप्रैल को मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक के साथ हुई दुर्व्यवहार मामले की जांच की। प्रतिनिधिमंडल में झासा के राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह, झासा के राज्य सचिव डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह, झासा के पूर्व सचिव सह संस्थापक सदस्य डॉ बिमलेश सिंह, झासा के राज्य उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार, झासा के राज्य संयोजक डॉ शमीम अख्तर, कोषाध्यक्ष डॉ स्टीफेन खेस, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ विकास कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू जाकर 18 अप्रैल को हुई घटना की जानकारी ली। टीम ने घटना के दौरान मौजूद सभी चिकित्सक से अलग-अलग मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल कर्मी बीडीएम से भी जानकारी ली। साथ ही पीडित महिला दंत चिकित्सक डॉ जेनी सिंह व आरोपी बडा बाबू सैयद नकी अहमद से भी से पूरी घटना की जानकारी ली। घटना को अप्रिय व निंदनीय बताया। डॉ पीपी साहा ने कहा कि झासा ने महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना को गंभीरता से लिया है। टीम की जांच में भी बडा बाबू के द्वारा दुर्व्यवहार की पुष्टि हुई है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण में गंभीर मामला है। झासा महिला चिकित्सक के साथ हर तरह से सहयोग के लिये खडा है। महिला चिकित्सक मामले को लेकर काफी आहत हैं। उनके द्वारा आरोपी बडा बाबू पर मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। झासा सचिव डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि झासा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा घटना का रिर्पोट निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवायें व झारखंड सरकार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को भी सौंपा जायेगा। डॉ सिंह ने कहा कि झासा रामगढ उपायुक्त और सीएस रामगढ के द्वारा आरोपी बडा बाबू को तत्काल निलंबन व विभागीय कारवाई करने के लिये आभार जताया है।



## संक्षिप्त

### झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है।चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

### हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**रांची।** रांची की सदर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में मोइन अंसारी और गुलबसर अंसारी के नाम शामिल हैं। दोनों ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के मनातू गांव के रहने वाले हैं। इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो बदमाश हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना के बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन और सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़गाई स्थित छठ तालाब के पास बाइक से जा रहे दो युवकों को पकड़ा। तलाशी लेने पर इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया।

### तस्कर गिरफ्तार, 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

**रांची।** रांची की सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम अभिषेक जायसवाल है। इसके पास से 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन और सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठन किया गया। टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर बांधगाड़ी स्थित मंदिर के पीछे मिलन चौक से एक व्यक्ति को पकड़ा। जांच के क्रम में उसके पॉकेट से छोटे-छोटे पुड़िया में ब्राउन शुगर को बरामद किया गया। पूछने पर उसने बताया कि वह ब्राउन शुगर को 500 से 600 रुपये प्रति पुड़िया की दर से बिक्री करता है। पूछताछ में और कई जानकारियां मिली हैं उसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### हत्या मामले के मुख्य आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। छोटू कुजूर जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले में आरोपित है। कमल भूषण की हत्याकांड के बाद लगभग डेढ़ साल तक वह फरार था। कोर्ट के आदेश पर जब पुलिस छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची तभी गुप्त सूचना के आधार पर गुमला से उसे गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्लू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है छोटू कुजूर, डब्लू और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी।

# झारखंड में बढ़ेगा तापमान,29 अप्रैल तक रहेगा लू का प्रभाव

**संवाददाता**


**रांची।** मौसम केंद्र ने झारखंड के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसका असर राज्य कई जिलों में देखने को मिलेगा। अगले 3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। इसके बाद 2 दिनों में इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। यह जानकारी एयरपोर्ट स्थित रांची मौसम केंद्र ने 25 अप्रैल, 2024 को दी।

**1 मई तक ये स्थिति**

केंद्र के अनुसार 26 अप्रैल से 1 मई तक आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा।

**इन जिलों में लू का प्रभाव**

केंद्र के मुताबिक 26 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखे जा सकती है।केंद्र के अनुसार 27 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज में कहीं-कहीं लू चलने की आशंका है। केंद्र के अनुसार 28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, रांची, खूंटी, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़ गोड्डा, साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है। 29 अप्रैल को गढ़वा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, रांची, खूंटी, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़ गोड्डा, साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है।





## रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी



वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक किया विस्तार

**संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। कुछ का आंशिक सपामन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है। ट्रेन नंबर 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक मई से 30 जून व ट्रेन नंबर 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन का 30 अप्रैल से 29 जून तक विस्तार किया गया है।

**झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश, कहा-**

# भू-माफियाओं और महिलाओं के साथ हिंसा करने वालों पर करें कार्रवाई

**संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि राज्य के जिलों में टास्क फोर्स को मजबूत बना कर भू





माफियाओं, फिरौती की मांग करनेवालों और महिला हिंसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में राज्य सरकार को टास्क फोर्स द्वारा जिलों में की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से भू माफियाओं, महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवालों एवं फिरौती मांगने वालों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर कोर्ट ने सरकार से पूछा कि जमीन माफियाओं, फिरौती मांगने वालों एवं महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवाले अपराधियों जिन्हें अदालत से जमानत नहीं मिली है उनकी गिरफ्तारी के लिए क्या कार्रवाई की गई।

कोर्ट ने राज्य सरकार को झारखंड में हो रहे साइबर क्राइम पर भी अंकुश लगाने का भी निर्देश दिया। साथ ही यह भी पूछा कि अगर फिरौती को लेकर किसी के पास विदेश या देश के अन्य राज्यों से कोई फोन कॉल आता है तो उसे ट्रेस करने के लिए क्या तरीका इस्तेमाल किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता सहबाज अख्तर ने पैरवी की।

## झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने की आवास भत्ता बढ़ाने की मांग

- एक समान अवकाश तालिका में जल्द सुधार का आग्रह

**संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने महंगाई भत्ता में 50% वृद्धि होने के बाद नियमानुसार आवास भत्ता में बढ़ोतरी करने की मांग की गई। इस मामले को लेकर मोर्चा के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास पर



वित्त विभाग के प्रधान सचिव को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के पदधारियों ने कहा कि नियम के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लिए 10 और शहरी क्षेत्र के राज्यकर्मियों एवं शिक्षकों के लिए 20 प्रतिशत आवास भत्ता देय है। केंद्र सरकार द्वारा यह नियम पूर्व से ही निर्गत है। उसे लागू कराने के लिए कार्यालय में पत्र को सौंपा गया। वित्त विभाग के पदाधिकारी से वार्ता के बाद उन्होंने कहा कि पत्र डिलिंग असिस्टेंट के माध्यम से फाइल बढ़ाकर यथाशीघ्र? अग्रेतर एवं समुचित कार्रवाई की जाएगी।

मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं विजय बहादुर सिंह ने झारखंड शिक्षा परियोजना के स्टेट क्वालिटी एजुकेशन डायरेक्टर डॉ अभिनव कुमार से मुलाकात की। उनसे जे०सी०ई०आर०टी० द्वारा जारी एक समान अवकाश तालिका पर राज्यहित में निर्णय लेने की मांग की। संयुक्त शिक्षक मोर्चा द्वारा जारी एक समान अवकाश तालिका पर विचार विमर्श किया गया। मोर्चा के पदधारियों ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव और जे०सी०ई०आर०टी० निदेशक से पूर्व में हुई? वार्ता की भी जानकारी दी गई। उक्त तालिका में व्याप्त विसंगतियों के सुधार पर चर्चा हुई। विसंगतियों को दूर करने का आश्वासन दिया गया। कहा गया कि निदेशक के बेंगलुरु से 29 अप्रैल को रांची आने के बाद इस मामले का समाधान कर लिया जाएगा।

## रातू किला पहुंचीं कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, लिया आशीर्वाद



**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय अपनी माता पूर्व टीवी अभिनेत्री रेखा सहाय के साथ गुरुवार को रातू किला पहुंची। वहां राजपरिवार की बड़ी मणि माधुरी मंजरी देवी व कल्पना देवी से भेंटकर आशीर्वाद लिया। महाराजा पुत्री ने राजनीतिक चर्चा कर मार्गदर्शन देकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत लहना पंचायत के मखमंदरो गांव पहुंचकर आम लोगों से भेंटकर कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील की। मौके पर लक्ष्मी नारायण भगत, मेरी भगत, ओमप्रकाश मिश्रा, राजेश पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शातिर ठग गिरफ्तार, 1.74 लाख रुपये बरामद

**संवाददाता**

**रांची।** रांची की लालपुर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। वह अपने आप को कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। शातिर ठग का नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव है। इसके पास से एक लाख 74 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही इसके पास से तीन मोहर, जिस पर कृषि निदेशक झारखंड, जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद और जिला योजना पदाधिकारी धनबाद लिखा



है, बरामद किया है। इसके अलावा अलग-अलग व्यक्ति का आधार कार्ड, सात पासबुक, 10 खाली चेक तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शातिर ठग दीपक कुमार श्रीवास्तव मोरहाबादी मैदान में आकर कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर ठगी कर रहा है। साथ ही सरकारी विभाग का स्टांप-मोहर भी रखे हुए है। वह कई थानों के दर्ज मामले में वांछित है। सूचना के बाद लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने शातिर ठग को मोरहाबादी मैदान में पकड़ लिया। इसके बैग से ठगी किया हुआ पैसा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद मोहर, पासबुक, चेक का उपयोग वह ठगी के लिए करता है।

### सैमसंग इनोवेशन कैंपस का दूसरा सीजन लॉन्च

**रांची** । कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय कौशल प्रोग्राम - सैमसंग इनोवेशन कैंपस - के दूसरे सीजन को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी डोमेन में युवाओं को कुशल बनाने के लिए तैयार किया गया है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस का लक्ष्य 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में कुशल बनाना और उनकी रोजगार क्षमता को बेहतर करना है।

## आज से शुरू होगा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रीमियर लीग

**पुरुषों का सातवां और महिलाओं का चौथा संस्करण**





**संवाददाता**

**रांची।** चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन रांची जिमखाना क्लब मैदान में 26 अप्रैल से होगा। चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की रांची शाखा के तत्वावधान में लीग हो रहा है। यह पुरुष वर्ग का सातवां एवं महिला वर्ग का चौथा संस्करण है। पुरुष वर्ग में 8 और महिला वर्ग में 4 टीमें हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम के तहत 26 और 27 को लीग मैच एवं 28 अप्रैल को सेमी फाइनल व फाइनल खेला जायेगा। पुरुष टीम में रांची चैलेंजर्स, रांची वारियर्स, राणीसती सुपरकिंग्स, रांची सुपर स्ट्राइकर्स, रांची वॉर हॉक्स, रांची टाइफूंस, रांची गरुडास एवं रांची फाइटर्स टीम शामिल हैं। महिला टीम में रांची वारियर्स, सुविधा सुपरनोवास, रांची फाइटर्स, स्काई वॉकर्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ और ट्रॉफी के अनावरण के लिए जिमखाना क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के संयोजक सीए कुणाल गिलानी ने प्रथम संस्करण से सातवें संस्करण तक के सफर में आये बदलाव, चुनौती एवं सीए प्रतिभागियों में क्रिकेट के प्रति बढ़ते रूचि एवं उत्साह के बारे में बताया। कार्यक्रम के उपदेशक सीए रणजीत गाड़ोदिया ने बताया कि जितना उत्साह इस प्रतियोगिता में खिलाडी एवं टीम मालिक में होता है, उतना ही आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों में होता है। रांची से रीजनल काउंसिल मेंबर सीए मनीषा बियानी ने खिलाडियों का उत्साकह बढ़ाया। खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। रांची शाखा की अध्यक्ष सीए श्रद्धा बागला ने सभी खिलाड़ी, आयोजक एवं कार्यसमिति सदस्यों का उत्सा ह बढ़ाया। धन्यवाद रांची शाखा के सचिव सीए हरेंद्र भारती ने किया। इस मौके पर प्रतियोगिता के सह संयोजक सीए आशीष रणासरिया, सीए अनीश जैन, सीए निधि सर्राफ, कार्यक्रम निदेशक सीए प्रशांत पाटोदिया, इंस्टीट्यूट की रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए उमेश कुमार, कोषध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, कार्यकारिणी सदस्य सीए निशांत मोदी, पूर्व अध्यक्षों में सीए प्रभात कुमार, सीए केसी टाक, सीए आरके कौशल, सीए बिनोद बंका, सीए सुमित अग्रवाल, सीए जेपी शर्मा, सीए उदय जायसवाल, सीए राजेश श्रीवास्तव, सीए राज कुमार, सीए धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, सीए प्रवीण शर्मा और सीए संदीप जालान उपस्थित थे।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर रांची नगर निगम जल्द कराएगा घरों का सर्वे

**तेजी से नीचे जा रहे भूगर्भ जलस्तर को लेकर सरकार गंभीर**

**संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची की तपती और प्यासी धरती की प्यास बुझाने एवं भविष्य में भीषण जल संकट से बचने के लिए वर्षा जल संचयन व संरक्षण आवश्यक है। सतही जल उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग अपनी प्यावस बुझाने के लिए भूगर्भ पर निर्भर हैं। इसके कारण भूगर्भ जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यह गंभीर स्थिति है। इसे लेकर राज्य सरकार गंभीर भी है। सरकार ने विशेष कर रांची नगर निगम को सभी आवश्यक उपाय कर जन जागरुकता अभियान चलाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराने का निर्देश दिया है।

**तीन एजेंसी को कार्य आवंटित**

रांची नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम करने वाली तीन एजेसियों को कार्य आवंटित किया है। एक आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर लगभग 40 हजार रुपये खर्च आते हैं। रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराकर जीवन भर जल संकट से बचा जा सकता है। अधिक भूगर्भ जल दोहन से बोरिंग फेल हो रहे है। कुंआ सूख रहे हैं। पौधरोपण नहीं होने से वर्षा कम हो रही है। इसका प्रतिफल यह है कि नदी, नहर, तालाब, आहर, पोखर बंजर भूमि के रूप में तब्दील हो रहे हैं।





**इनके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी**

वर्तमान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बना है। इसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी है। इस नियम के तहत लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं कराए हैं, जबकि सभी पानी का उपयोग करते हैं। नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग के दायरे में 79,772 आवास आते हैं। इसमें से 52,668 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगा हुआ है। शेष, 27,104 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे कराकर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिकों को जुमार्ना स्वरूप डेढ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड़ रहा है।

**प्रचार-प्रसार अभियान चला रहा**

रांची नगर निगम रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार प्रसार अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने, शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पंपलेट का वितरण कराने के साथ ही शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जाएंगे। इसके अलावा एनजीओ को भी जनजागरण अभियान चलाने के लिए घर- घर जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लाभ को बताने के लिए लगाया गया है। पानी संकट से बचने के लिए स्वयं लोगों को आगे आना होगा, नहीं तो रांची के लोगों को भी बंगलोर की तरह पानी के टैंकर पर निर्भर रहना होगा। बंगलोर में तो अब पानी का टैंकर भी पहले से बुकिंग करने पर मिल रहा है।

## संक्षिप्त

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लोहरदगा** । बगड़ू थाना क्षेत्र के बड़चोरगाई में बुधवार की रात बड़चोरगाई निवासी कालीचन्द उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार युवक का गांव के विवाहिता महिला (35) से बीते एक वर्ष से अधिक समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला युवक पर शादी को लेकर लगातार दवाब बना रही थी। इसी दबाव में युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई।

### देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**पलामू**। चैनपुर थाना पुलिस ने एक देसी कट्टा के साथ तीन युवकों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान सेमरा के खरोह टोला के अख्तर अंसारी, मुमताज अंसारी एवं विजय कुमार के रूप में हुई है। गुरूवार को सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी रीष्मा रमेशन को मिली गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गयी। चैनपुर थाना के प्रभारी श्रीराम शर्मा ने गुरूवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सेमरा के खरोह टोला एक बाइक पर सवार तीन अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम के फिराक में हैं और घूम रहे हैं। मामले की सूचना वरीय पदाधिकारी को एक टीम गठित कर उक्त जगह पर कार्रवाई की गयी, जहां एक बाइक पर सवार तीन लोगों को देखा गया। तीनों की जांच करने पर एक के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है।

### पुलिस ने कुख्यात बदमाश को किया गिरफ्तार

**देवघर**। देवघर पुलिस ने गुरुवार को कुख्यात बदमाश ढिल्लन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बिहार-झारखंड के अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार बदमाश ढिल्लन सिंह उर्फ वृजनंदन सिंह उर्फ वृजनंदन शर्मा देवघर टाउन थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी का रहने वाला है। मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिला के पिपरिया थाना क्षेत्र स्थित वलीपुर का निवासी है। बदमाश ढिल्लन को देवघर पुलिस ने झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत छह महीने के लिए जिला बदर किया था। इसके बाद आरोपित फरवरी के अंतिम सप्ताह में देवघर शहर के बंपास टाउन इलाके में स्थित एक विवाह भवन में आयोजित शादी समारोह में पहुंचा था। पुलिस गुप्त सूचना पर छापेमारी के लिए पहुंची थी। हालांकि आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मामले को लेकर अपराध नियंत्रण अधिनियम-2002 की धारा-3 (1) का उल्लंघन करने के आरोप में देवघर नगर थाना प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित देवघर में ही छुपकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### दुकान में आग लगाने वाले को पांच साल की सजा

**दुमका**। सामान उधार नहीं देने पर दुकान में आग लगाने के एक आरोपित को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर उसे तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने मामले के आरोपित दुधानी के राजेश राउत को गुरुवार को दोषी करार दिया। इस केस में नौ लोगों की गवाही के बाद उसे सजा सुनाई गई। रसिकपुर निवासी राजेश पंडित के भाई प्रकाश पंडित की किराना और जीराक्स की दुकान है। पिछले साल सात जून को राजेश राउत उधार में सामान लेने के लिए आया था। मना करने पर प्रकाश के साथ मारपीट कर पैसा छीन लिया। पीड़ित ने इसकी सूचना नगर थाना की पुलिस को दी। इसके बाद आरोपित ने रात को अन्य लोगों के साथ मिलकर जीराक्स की दुकान में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

# नदी में डूबकर दो सगी बहनों की मौत

- लड़कियों की पहचान 10 वर्षीय आपदा खातून एवं 8 वर्षीय आजरा खातून के रूप में हुई



**संवाददाता**

**पलामू**। जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनडीह गांव के नजदीक सुखनदिया (मंदेया) नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों महुआ चुनने के लिए गयी थीं। नदी में नहाने के दौरान दोनों डूब गईं।

लड़कियों की पहचान अर्जुनडीह निवासी राशीद अंसारी की पुत्री 10 वर्षीय आपदा खातून एवं 8 वर्षीय आजरा खातून के रूप में हुई है। दोनों के शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे दोनों बहनें गांव के पास में महुआ चुनने गई थीं। आपदा एवं आजरा के साथ गांव की तीन बच्ची भी साथ में महुआ चुनने गयी थीं। इसी क्रम में पांचों बच्चियां सुखनदिया (मंदेया) नदी में उतरकर नहाने चली गईं। आपदा नहाते के दौरान आगे बढ़ गई और बीच में बने 10 फीट गहरे गड्ढे में समा गयी। उसके पीछे उसकी छोटी बहन आजरा भी चली गई। जब दोनों नदी से बाहर नहीं निकलीं तो अन्य तीनों बच्चियों ने गांव में जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। गांव के लोग बच्चियों के साथ नदी के पास में गए और नदी में खोजने के लिए उतरे। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गए। गांव के लोगों में इस घटना से काफी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बालू माफिया द्वारा जेसीबी से बालू निकाला जाता है और जगह-जगह पर दस-दस फीट के गड्ढे बना दिए हैं। इन गड्ढों में पानी जमा हुआ था। बालू माफिया की वजह से दोनों बच्चियों की जान चली गई है।

कउवल पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुल जलील ने कहा कि सुखनदिया में बालू उठाव के दौरान अगर गड्ढा नहीं बना होता तो दोनों मासूम बच्चों की जान नहीं जाती। उन्होंने छत्तरपुर के पदाधिकारियों से मांग की कि इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए, ताकि दोबारा ऐसी घटना ना हो।

## दो टेम्पो आपस में टकराए, एक महिला की मौत, 9 लोग घायल

**संवाददाता**



**पलामू**। डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन से आगे हनुमान मंदिर के सामने मुख्य सड़क पर दो टेम्पो आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है। एमआरएमसीएच में भर्ती एक घायल ने बताया कि सारे लोग 23 अप्रैल को शादी समारोह में लठैया के लरमी में बहनोई सत्येन्द्र सिंह के घर गए थे। भांजे की शादी थी। वहां से आज सुबह लौट रहे थे। रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। मृत महिला की पहचान राजधानी देवी (32) पति अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। घायलों में सविता देवी (30) पति उमेश सिंह, कविता देवी (40) पति अनिल सिंह, अर्जुन सिंह (35) पिता सुरेश सिंह, ममता कुमारी (15) पिता मनोज सिंह, कमल देवी (40) पति मनोज सिंह, शकुंती देवी (25) पति अनिल सिंह, सुजीत कुमार (12) पिता अर्जुन सिंह, मनीषा कुमार (5) पिता संतोष सिंह, लक्ष्मी कुमारी (5) पिता मनोज शामिल हैं। सभी घायल पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के छापर गांव निवासी बताए गए हैं। घटना के बाद से दोनों टेम्पो के चालक फरार हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# नक्सलियों ने लूटा था 7750 पीस डेटोनेटर, पुलिस ने किया बरामद

**संवाददाता**



**चाईबासा**। प्रतिबंधित भाकपा (माओ) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च, 2023 की रात में बड़ाजामदा ओपी क्षेत्र के बालजोड़ी एवं नोवामुंडी थाना क्षेत्र के मेरेलगड़ा विस्फोटक भंडारगृह से नक्सलियों ने 7750 पीस डेटोनेटर लूट गया था। इसके बाद नक्सलियों द्वारा लूटे गये डेटोनेटर को कोल्हान क्षेत्र में छुपाकर रखने की बात प्रकाश में आयी थी। गुप्त सूचना मिली कि नक्सलियों द्वारा कोल्हान क्षेत्र में लूटे गये डेटोनेटर को टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल क्षेत्र में गाढ़कर रखा गया है। उपरोक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एक संयुक्त अभियान दल का गठन किया गया। अभियान संचालित किया गया।

अभियान संचालन के क्रम में 24 अप्रैल, 2024 को गोईलकेरा-टोन्टो थाना के सीमावर्ती क्षेत्र वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल में सिंटेक्स में गाढ़कर रखे 35 बोरी में 7050 पीस नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद कि?या गया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता की सहायता से उसे नष्ट किया जा रहा है। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# शादी समारोह में मायके जा रही वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

**संवाददाता**

**पलामू** । पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरूवार की अहले सुबह एक 65 वषीर्या वृद्धा हादसे का शिकार हो गयी। महिला सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पति के सामने ही महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। महिला की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराई गांव निवासी रामकली देवी पति शिव प्रसाद ठाकुर के रूप में हुई है। रामकली अपने पति के साथ बिहार से दुबटिया मोड़ पर किसी वाहन से उतरी थी और फिर अपने मायके बभंडी जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फिर मौके से फरार हो गया। घटना सुबह 5 बजे हुई। घटना के वक्त महिला के पति भी मौके पर थे। बावजूद अपनी पत्नी को बचा नहीं सके। दरअसल, वाहन से उतरने के बाद शिव प्रसाद लघुशंका (पेशाब) कर रहे थे। इसी बीच महिला सड़क पार करने लगी और हादसे का शिकार हो गयी। रामकली और शिवप्रसाद बभंडी गांव में अवध ठाकुर के घर जाने के लिए पहुंचे थे। रामकली का बभंडी में मायके है और यहां किसी रिश्तेदार की शादी थी। घटना की सूचना मिलने पर बभंडी गांव के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी सूचना के बाद मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया।

## शादी के छह दिन बाद युवक की सड़क दुर्घटना में मौत



**पलामू**। दुल्हन के हाथों की मेहंदी का रंग जाने से पहले ही उसकी मांग का सिंदूर उजड़ गया। यह मामला पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई बाजार से सामने आया है। यहां सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक की शादी 18 अप्रैल को हुई थी। वह अपनी साली की शादी में शामिल होने के लिए तेतराई गया था। जानकारी के अनुसार बुधवार को वह बाइक से तेतराई बाजार जा रहा था कि अचानक एक कुत्ता सामने आ गया, जिस कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पांकी सीएचसी ले जाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे डालटनगंज भेजा गया, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।युवक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के दुलही गांव निवासी गुड्डन कुमार (24) पिता इंद्रदेव राम के रूप में हुई है। 18 अप्रैल को उसकी शादी नावाजयपुर में हुई थी। शादी में उसे मोटरसाइकिल मिली थी। इसी मोटरसाइकिल से वह तेतराई गया था।

# 490 ग्राम अफीम के साथ यूपी के तस्कर समेत दो गिरफ्तार

**संवाददाता**



**पलामू**। नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री और तस्करी रोकने को लेकर की जा रही कार्रवाई में मेदिनीनगर सदर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई कर रजवाड़ीह बाइपास रोड से दो लोगों को 490 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 27570 नगद, क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड, मोबाइल फोन आदि बरामद किए गए हैं। एक की पहचान उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के मिजार्पुर थाना क्षेत्र के चितरउ गांव के रहने वाले अनिल राजपूत (उम्र 23 वर्ष) पिता जयराखन राजपूत एवं पांकी थाना क्षेत्र के बरवैया ग्राम के संजय कुमार (32) पिता भरोसा यादव के रूप में हुई है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने जानकारी दी की गुप्त सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उतरप्रदेश का युवक अफीम लेने के लिए यहां आया था, जबकि पांकी का युवक उसे अफीम देकर टेज्न या बस पकड़वाने के लिए उसके साथ मौजूद था। सदर अंचल अधिकारी की उपस्थिति में दोनों को गिरफ्तार किया गया। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक आयोजित

**पलामू**। पलामू लोकसभा निर्वाचन के लिए आगामी 13 मई को मतदान होना है। इसी क्रम में चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने गुरूवार को विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने पलामू लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन से कुल नामांकन की जानकारी ली।

बताया गया कि कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है। बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले की संख्या, पोस्टल बैलेट का स्ट्रांग रूम आदि की जानकारी ली। उन्होंने ईवीएम रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टाफ का रेंडमाइजेशन आदि से भी अवगत हुई। इसके अलावे उन्होंने नामांकन के सभी वीडियो रेकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने सभी संबंधितों को आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुरूप व आरओ हैंडबुक में दिये गये मैनुअल्स के अनुसार ही सभी कार्य करने पर बल दिया।

## लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो के पुत्र ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**संवाददाता**



**तोपचांची (धनबाद)**। आज टुंडी विधायक सह गिरिडीह लोकसभा के महा गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के लिए उनके पुत्र दिनेश महतो ने बाघमारा के मधुबन, नवागढ, सोनानगर, भलगजरी, खरकारी सहित कई गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से इंडिया महा गठबंधन के पक्ष में मतदान कर गिरिडीह लोकसभा से मथुरा प्रसाद महतो को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इस अवसर पर झामुमो के युवा नेता विधायक पुत्र दिनेश महतो ने केंद्र सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया और कहा कि केंद्र सरकार अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रही। भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने चुनाव के दौरान घोषणा किया था कि हर वर्ष 2 करोड़ शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी देंगे, हर गरीब के खाते में 15 -15 लख रुपए देंगे० काले धन वापस लाएंगे यह सब तो कुछ पुरा नहीं कर सके ऊपर से महंगाई आसमान छू रही है, महंगाई रोक पानी में केंद्र सरकार विफल रही। 2014 से पहले जो गेस सलेंडर 400 में मिलता था आज वह हजार से पार हो गया है, इसी तरह पेट्रोल डीजल भी महंगा होगया।यही हाल आटा चावल दाल तेल सब के सब महँगे बिक रहे हैं। गरीबों को वंदे भारत एक्सप्रेस नहीं चाहिए, स्मार्ट सिटी बाद में पहले गरीबों को भर पेट खाना चाहिए, उन्हें रोजगार चाहिए जो केंद्र सरकार देने में नाकाम रही। मतदाताओं से अनुरोध करता हूं कि देश की तरक्की के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को अवश्य जीत दिलाऐ। महागठबंधन की सरकार ही इस देश को सही दिशा दे सकती है। बेरोजगारी दूर कर सकती है।

# गिरिडीह में सिलेंडर विस्फोट में पांच लोग झुलसे

**संवाददाता**

**गिरिडीह**। नगर थाना इलाके के बजरंग चौक के पास गुरुवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। सिलेंडर फटने से पांच लोग घायल हो गए। घायलों में अमन गुप्ता, अनिल गुप्ता, मंजू देवी, डॉली सलूजा और हर्ष सलूजा शामिल हैं। घायलों में से तीन का इलाज विश्वनाथ नर्सिंग होम तो दो लोगों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। बताया जाता है कि पंजाबी मुहल्ला निवासी डोली सलूजा और उनका पुत्र हर्ष सलूजा शाम छोटे वाले गैस सिलेंडर में गैस भराने के लिए शहर के बजरंग चौक स्थित एक दुकान पहुंचा था। लेकिन गैस रिफिलिंग करने के दौरान अचानक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। इस घटना में दो महिला समेत पांच लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले पर नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद का कहना है कि गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से चार-पांच लोग घायल हुए हैं। अभी पीड़ित परिवार का फर्द बयान लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला गैस सिलेंडर रिफिलिंग से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है।

### राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खुला ईवीएम वेयरहाउस

**धनबाद**। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुरुवार कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार बुधवार को राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था।

## उमरा करने जाने वालों को ग्रामीण ने दी विदाई



**गुमला**। झारखंड के गुमला जिले के जारी प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में उमरा करने जाने वालों को ग्रामीण ने विदाई दी। गोविंदपुर के सदर जियारुल अंसारी व सेक्रेट्री जाकिर खान ने बताया ग्राम यहां के निवासी कलीम कुरैशी, जिबुन निशा, अयूब अंसारी, सहेला खातून, हाजी मुस्तकीम साहब और नजमा खातून उमरा करने के लिए मक्का मदीना जा रहे हैं। गोबिंदपुर कब्रिस्तान के पास सलातो सलाम पढ़कर एक दूसरे को गले मिलते हुए मुबारक बाद दिया गया। कलीम कुरैशी ने कहा कि वहां गांव और जारी प्रखंड के मुस्लिम भाइयों के लिए अमन चैन बनाए रखने की दुआ मांगेंगे। सभी भाइयों को मक्का मदीना उमरा के लिए जाना चाहिए। मौके पर शहादत कुरैशी, मैनू खान, मसूद कुरैशी, अबरार खान उपस्थित थे।

# लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत सहित सात प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**संवाददाता**



**गुमला** । कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत सहित सात प्रत्याशियों ने गुरुवार को निवार्ची पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के समक्ष अपना नामांकन का पर्चा भरा। कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के नामांकन के मौके पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, विधायक भूषण तिर्की, विधायक जिगा मुंडा, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर अहमद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अन्य प्रत्याशियों में गिरिजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी),ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी) अर्जुन टोप्पो (आजाद समाज पार्टी), अर्पण देव भगत (स्वतंत्र),रंजीत भगत (स्वतंत्र) व एतवा उरांव (स्वतंत्र ) का नाम उल्लेखनीय है। उल्लेखनीय है कि लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय में कुल 17 उम्मीद्वारों ने नोमिनेशन फाइल किया है। इनमें महेन्द्र उरांव( सीपीआई पार्टी), मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी),स्टेफन किंडो (स्वतंत्र), बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया ), सनिया उरांव (स्वतंत्र), पवन तिग्गा (स्वतंत्र), मरियानुस तिग्गा ( भारत आदिवासी पार्टी),समीर उरांव ( बीजेपी),रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी), चमरा लिंडा (स्वतंत्र),गिरजानंद उरांव (बसपा),ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी),अर्जुन टोप्पो (आजाद समाज पार्टी),सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस) अर्पण देव भगत (स्वतंत्र) व एतवा उरांव (स्वतंत्र) का नाम शामिल है। शुक्रवार को उक्त सभी प्रत्याशियों द्वारा प्राप्त प्रपत्रों की स्क्रूटनी होगी। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूचि प्रकाशित की जाएगी।

## केएन त्रिपाठी का नामांकन 30 को



**पलामू**। चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को बैठक की। संचालन पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने किया। अध्यक्षता खुर्शीद आलम ने की। अमुक प्रियदर्शी ने कहा कि पार्टी हर एक स्तर पर मजबूत है और अब हमें गांव की ओर चलने की जरूरत है। प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और पार्टी के आने वाले एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। के.एन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिन्हित कर बताएगी। आप लोगों का बहुत अरसे बाद यह संयोग बना है कि चतरा लोकसभा में इंडिया गठबंधन ने 1532 ई. के खतियानी उम्मीदवार को चुनाव में भेजा है। आप लोगों से मेरा यही आग्रह होगा कि आप सभी 30 अप्रैल को नामांकन में चतरा पहुंचने की कोशिश करें।

## मां दुर्गा की अष्टधातु की मूर्ति चोरी

**सिमडेगा**। कुरडेग बथाना क्षेत्र के कदमटोली स्थित मां दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी की गई है। इस घटना से लोगों में आक्रोश है।

चोरी बीते रात को गई है। गुरुवार सुबह पूजा के लिए गांव के लोग जब मंदिर पहुंचे तो अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा गायब मिली। इसके बाद पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। जिस कारण मंदिर से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द चोरी हुई मां दुर्गा की प्रतिमा को बरामद कर मंदिर में स्थापित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने की नीयत से बार-बार कदम टोली के दुर्गा मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन इसे गंभीरता से ले। फिलहाल पुलिस ने चोर की तलाश में जुटी है। पुलिस डॉग स्क्वायड का सहारा भी ले रही है। फोरेंसिक जांच टीम ने भी मंदिर पहुंचकर जांच की है।

## जेईई मेन- 2 में भी डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का दमखम बरकरार

# 99.92 परसेंटाइल के साथ रक्षित बना टॉपर रयान दूसरे और अवंतिका तीसरे स्थान पर

- 17 विद्यार्थियों को 99 और 40 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक मिले अंक

संवाददाता, बोकारो

इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिया गया। इसमें भी विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा। 60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे, तो अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पर्सेंटाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक कुल 17 विद्यार्थियों को 99 और 43 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले। समाचार लिखे जाने तक सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में रक्षित राज - 99.92, रेयान सिंह - 99.91, अवंतिका गुप्ता - 99.84, विशाल मेहता - 99.82, मो. अम्मार - 99.80, दिव्यांशु जायसवाल - 99.64, स्पर्श कुमार - 99.64, स्पर्श राज - 99.56, उत्कर्ष कुमार - 99.52, नमन जैन - 99.45, तरुण गुप्ता - 99.45, मानव राज- 99.44, ऋषव कुमार - 99.4, आशुतोष सिंह- 99.34, मोहित कुमार - 99.20, आकाश महता - 99.06, सौम्यदीप मंडल - 99.00, आशुतोष सिंह - 98.94, मानव राज - 98.92, बख्तावर जावेद - 98.82, पुष्पित किसलय - 98.6, आर्यन रंजन सिंह - 98.5, जानवी कुमारी - 98.48, साक्षी प्रिया - 98.47, अंशु राज - 97.90, सैयद अशदुल्लाह - 97.56, विचांशु राज - 97.43, विक्रांत कुमार - 97.38, श्रेयांशु घोष - 96.65, आयुष्मान दत्ता - 96.64, ऋषव कुमार - 96.62, दिव्य प्रकाश सिंह - 96.49, पौलम कुंडू - 96.42, कमरीन फातिमा - 96.39, कृष शांडिल्य - 96.34, अजितेश आनंद - 96.32, सिद्धांत वैभव - 96.32, आर्यन राज - 95.73, विवेक आनंद - 95.73, आर्यन कुमार - 95.52, हर्षवर्धन - 95.41, रितिका साहा - 95.36, अंशल कुमार - 95.12, अधृत सिंह - 94.24, श्रेया सुमन - 94.09, कार्तिक राज - 94.04, सिल्वी सृष्टि - 93.91, तेजस अग्रवाल - 93.83, आयुष राज - 93.52, आदर्श कुमार मिश्रा - 93.50, राधिका अग्रवाल, समर सिंह, ऋषभ रंजन, अभिनव राज आदि के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एनटीए की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। परीक्षा का पहला सत्र 24 जनवरी से 01 फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र 4 से 12 अप्रैल की अवधि में आयोजित किया गया था। बोकारो जिले में 3569 विद्यार्थी जेईई मेन 2 की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल हुए विद्यार्थियों ने आगामी 26 मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अच्छी सफलता पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।



### रक्षित ने पेंटिंग और फोटोग्राफी के अपने शौक को किनारे कर रोजाना 9 घंटे की पढ़ाई

जेईई मेन के दूसरे सत्र में अपने विद्यालय डीपीएस बोकारो में सर्वाधिक 99.92 परसेंटाइल हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थी रक्षित राज ने इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। एक खास बातचीत में उसने बताया कि उसे पढ़ाई के साथ-साथ फोटोग्राफी का खास शौक है। चित्रांकन में भी उसकी रुचि है, लेकिन 11वीं और 12वीं में पढ़ाई के इन दो वर्षों में उसने अपने इन दोनों शौक को किनारे कर दिया और रोजाना 7 से लेकर 9 घंटे तक पढ़ाई की। तब कहीं जाकर यह अंक वह प्राप्त कर सका। उसने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता, अपने विद्यालय एवं उन सभी शिक्षकों को दिया है जिन्होंने उसे सही रास्ता दिखाया। बोकारो जिले के गोमिया में बतौर सरकारी शिक्षक पदस्थापित राजेश तिवारी के पुत्र रक्षित की दिली ख्वाहिश आगे चलकर कंप्यूटर साइंस में एक सफल इंजीनियर बनने की है। उसने नर्सरी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई डीपीएस बोकारो से ही है। 10वीं में उसने 97.6% अंक प्राप्त किए थे। उसकी छोटी बहन रिया राज इसी विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है। उसकी कामयाबी पर उसके पिता राजेश तिवारी और माता गृहिणी रजनी तिवारी काफी



प्रसन्न हैं। वे आगे भी उसकी सफलता को लेकर आशान्वित हैं। जेईई मेन सेशन 2 में रक्षित ने मैथमेटिक्स में 99.86, फिजिक्स में 99.93 और केमिस्ट्री में 99. 71 परसेंटाइल हासिल किया। फाइनल एनटीए स्कोर के आधार पर उसने अखिल भारतीय स्तर पर सीआरएल 1388 रैंक प्राप्त की है।

### डीपीएस चास में अनिकेत रहा अव्वल



बोकारो। शैक्षणिक गुणवत्ता के आधार पर डीपीएस चास हर साल एक नया रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। इस वर्ष के जेईई मेन्स में यहाँ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नया इतिहास रचा है। इस वर्ष विद्यालय के 57.14 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अनिकेत राही को 96 (अनारक्षित) विकास कुमार को 95.01(ओबीसी), अभिनव सिंह को 91.97 (ओबीसी) तथा सक्षम भदानी को 89.55 (ओबीसी) पर्सेंटाइल प्राप्त हुए। विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने व उनके सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सुरेश अग्रवाल ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे तथा प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के योजनाबद्ध तरीके से किए गए परिश्रम का ही परिणाम है।

### चिन्मया विद्यालय के विद्यार्थियों का जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन, अनिमेष बना स्कूल टॉपर



बोकारो। चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई मेन -2 में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र अनिमेष राय 99.802 परसेंटाइल के साथ स्कूल में अव्वल रहे। आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर और ऋषभ कुमार 99.7211 तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का दावा है कि 108 विद्यार्थियों ने कामयाबी पाई है। इस बेहतरीन प्रदर्शन पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक (कोषाध्यक्ष), विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई तथा एडवांस्ड के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक, शंभुनाथ झा, चंदन कुमार सिंह, पीके सिंह, अमरेन्द्र नारायण उपाध्याय, अशोक चौबे, कुमोद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह , आर एल महतो, उत्पल मित्रा, सुब्रतो गुप्ता आदि मौजूद थे।

बेहतर परिणाम लान वालों में अनिमेष रॉय (99.802), आयुष कुमार (99.735), ऋषव कुमार (99.721) शुभम आनंद (99.6809), प्रियांशु पीयूष (99.314), देव संगम (99.041) के अलावा कृष कुमार, आर्यन कुमार, निलेश कुमार, सचिन राय, प्रियांशु रंजन, रूशिल सिंहा, सयन मुखर्जी, उत्कर्ष कुमार, आकर्ष कुमार, प्रिंस राज, सौम्या ज्योति सेन, राजा कुमार, सिंह, शुभ बनर्जी, मयूरेश भारती, प्रियांशु राज, शोर्या कुमार, वंशिका वानया, विशाल कुमार महथा,विवेक कुमार, विश्वनाथ मुखर्जी, श्रेया स्नेहा, विवेक कुमार मौर्या, शाश्वत कुमार झा, अनीश रंजन, कुमार किसलय तेजस्वी, सूरज कुमार, प्राकृत प्रसून, निखिल कुमार, सौरभ कुमार कुमार वर्मा आदि के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त

### बीटीपीएस में प्रबंधक वित्त सहित 12 अधिकारियों का तबादला

**बोकारो थर्मल।** डीवीसी कोलकाता के वरीय जीएम डॉ डीवी राजन ने बोकारो थर्मल के प्रबंधक वित्त बिहारी चौधरी सहित विभिन्न प्रोजेक्टों के वित्त विभाग के बारह अधिकारियों का तबादला गुरुवार को कर दिया गया। बिहारी चौधरी का तबादला कोलकाता किया गया है। चंद्रपुरा के वरीय प्रबंधक इकरामुल हक, डीएसटीपीएस के प्रबंधक जमीर अहमद, सुभाष प्रसाद साव, मेजिया के मनोज कुमार सिंह, देवर्षी बनर्जी को कोलकाता, कोलकाता के बिनोद बरुरी, सोहित कुमार को चंद्रपुरा, कोलकाता के शुभम पांडेय को कोडरमा, मेजिया के तनय पाल को कोलकाता तबादला किया गया है। तबादला किये गये सभी अधिकारियों को 2 मई की तिथि से रिलीज किया गया है।

### विवाहिता ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**पेटरवार।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत मायापुर पंचायत के रोहर ग्राम निवासी सोनिया देवी (18 वर्ष) ने बुधवार की रात पलाश के पेड़ में साड़ी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। उसकी शादी रोहर गांव निवासी ओम प्रकाश मांझी के साथ हुई थी। पेटरवार पुलिस ने मृतका के शव को अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट में पोस्टमार्टम करा कर उसके ससुराल वालों को सौंप दिया। बताया जाता है कि मृतका के माता-पिता जीवित नहीं हैं। मृतका के पति ओम प्रकाश मांझी ने बताया कि बुधवार की रात में भोजन करके घर के सभी लोग सो गये। इसी बीच रात 11 बजे के बाद उनकी पत्नी घर से निकली और पराश के पेड़ में साड़ी के पल्लू से लटक कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पत्नी इन दिनों मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

### गर्मी से स्कूल की छात्रा हुई बेहोश

**चाईबासा।** बढ़ती गर्मी के कारण गुरुवार को संत विवेका इंग्लिश स्कूल चाईबासा की एक छात्रा की तबीयत बिगड़ गयी। बेहोशी की हालत में छात्रा को विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवतार अग्रवाल ने अपनी गाड़ी से उपचार कराने के लिए सदर अस्पताल चाईबासा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने छात्रा को भर्ती कर उपचार करना शुरू कर दिया। उपचार के बाद छात्रा की तबीयत में सुधार आया। छात्रा हेमंती पुरती (12 वर्ष) संत विवेका स्कूल में कक्षा 7 की छात्रा है। वह सदर प्रखंड तोलगोइसाई की रहनेवाली है। जानकारी मिलने पर छात्रा के माता-पिता अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार छात्रा को अचानक पेट दर्द और उल्टी होने लगी। वहीं, अभिभावकों ने बताया कि स्कूल साढ़े छह बजे होने के कारण बेटी सवा पांच बजे ही स्कूल गयी। बच्चों को चार बजे ही जागना पड़ता है। इतनी सुबह बच्चों को ठीक रूप से नाश्ता भी नहीं कर पाते हैं। वहीं, दिन में लू भी चल रही है।

### राशन दुकान बिक रही थी शराब, दुकानदार गिरफ्तार

**चांडिल।** तिरुलडीह थाना क्षेत्र के मानकीडीह निवासी शिवराम गोप (35) की राशन दुकान से पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न ब्रांड की 42 बोतल विदेशी शराब जब्त किया। वहीं दुकानदार शिवराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चंद महतो ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शिवराम गोप की राशन दुकान छापेमारी की गयी। पता चला था कि राशन दुकान से शराब की अवैध रूप से बिक्री की जा रही है। सूचना पर छापामारी की गयी। इसमें विभिन्न ब्रांड के कुल 42 बोतल अवैध विदेशी शराब व बीयर बरामद हुआ। शिवराम ग्रुप को राशन दुकान में अवैध रूप से शराब रखने व बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### रांची लोस सीट पर प्रत्याशी देगा कुड़मी समाज

**चांडिल।** कुड़मी को एसटी की सूची में शामिल कराने की मांग पर 20 सितंबर, 2023 को नीमडीह स्टेशन में दिवासी कुड़मी समाज के रेल टेका (रेल को रोकना) डहर छेंका (सड़क जाम) आंदोलन के आरोप में गिरफ्तार प्रभात कुमार महतो और सुनील चंद्र महतो को कोर्ट से जमानत मिल गयी। आंदोलनकारियों पर धारा यू /5 के 145,146,147 तथा 159 के तहत रेलवे ने केस दर्ज किया था। इसमें आदिवासी कुड़मी समाज के सरायकेला खरसावां जिला मीडिया प्रभारी प्रभात कुमार महतो व सुनील चंद्र महतो भी आरोपी थे। उन्हें जमशेदपुर स्थित रेलवे ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सीकेपी कोर्ट से बेल मिल गया। इस दौरान प्रभात कुमार महतो ने कहा कि हमारा आंदोलन अपने हक-अधिकार को लेकर है। उसको हासिल करके ही छोड़ेंगे, चाहे कितना भी संघर्ष क्यों न करना पड़े। चाहे इसके लिए मेरे ऊपर कितनी भी धाराएं लगा दी जाएं। हम आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। कुड़मी को एसटी में शामिल करने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रभात महतो ने कहा कि आदिवासी कुड़मी समाज ने बैठक कर निर्णय लिया है कि रांची लोकसभा सीट पर आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा की जायेगी।

### डांगो गांव के कुएं से महिला का शव बरामद

**कुचाई।** कुचाई थाना क्षेत्र के डांगो गांव स्थित एक पुराने कुआं से गुरुवार को पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, खेत में स्थित पुराने से कुआं बदबू आ रही थी। इसके बाद गांव के लोगों ने कुआं के पास जाकर, तो देखा तो एक लाश दिखी। इसके पश्चात ग्रामीणों ने मामले की जानकारी कुचाई पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी यशवंत कुमार डांगों पहुंचे। शव को कुआं से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने पहचान कराने का प्रयास किया, परंतु शव की पहचान नहीं हो पायी है। शव का सरायकेला में पोस्टमार्टम कराकर शीतगृह में रखा गया है। थाना प्रभारी यशवंत कुमार ने बताया कि शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### बोकारो के 2 न्यायिक दंडाधिकारियों का तबादला

बोकारो। बोकारो की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी समीरा खान व रश्मि चंदेल का डाल्टनगंज तबादला हो गया है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि समेत अन्य अधिवक्ताओं ने गुरुवार को दोनों दंडाधिकारियों को गुलदस्ता भेंटकर विदाई दी। इसके बाद दोनों दंडाधिकारी डाल्टनगंज के लिए रवाना हो गईं। अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सोमनाथ शेखर, अतुल कुमार, संजीत सिंह, दीपिका सिंह समेत अन्य धिवक्ता मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से टैंकर में लगी आग, क्रेन भी चपेट में आया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि, फुसरो

ढोरी एरिया की एसडीओसीएम परियोजना के कारीपानी में कार्य कर रही बीएलए कंपनी के कैंप में खड़े डीजल टैकर में गुरुवार की शाम शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गयी। टैंकर की आग की चपेट में क्रेन मशीन भी आ गयी। हालांकि उसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। परंतु डीजल टैंकर जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि टैंकर ब्लास्ट नहीं किया। यदि ऐसा होता तो कैंप में कार्यरत कर्मी प्रभावित हो सकते थे। घटना के लगभग एक घंटे बाद सीटीपीएस के दमकल के आने पर आग पर काबू पाया जा सका। सीसीएल एवं बीएलए कंपनी के पास आग बुझाने का पर्याप्त संसाधन नहीं रहने के कारण आग बुझाने में विलंब हुआ। कैंप के अंदर घटना होने के कारण सीआइएसएफ जवानों द्वारा अंदर प्रवेश से पत्रकारों को रोका जा रहा था। बताया जाता है कि आउटसोर्सिंग कंपनी के अधीन डीजल टैंकर चलता है। गुरुवार को भी बीएलए कंपनी में चलने वाले वाहनों में डीजल भरने के लिए टैंकर मंगवाया गया था। इसी दौरान टैंकर में शॉर्ट सर्किट से अचानक भीषण आग लग

**सीटीपीएस के टैंकर ने आग पर पाया काबू :** डीजल टैंकर में आग लगने के बाद सीटीपीएस के टैंकर को मंगवाया गया। इससे पूर्व सीसीएल व बीएलए कंपनी अपने संसाधन से आग बुझाने का प्रयास किये, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा रहा था। इसलिए सीटीपीएस का दमकल मंगवाया गया, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

**धधकते ओबी में गिरने से जिंदा जल गया था ऑपरेटर :** 24 जून 2022 को एसडीओसीएम परियोजना के कारीपानी आउटसोर्सिंग पैच में धधकती आग के ओबी में गिरने से बीएलए कंपनी के अधीन कार्यरत ऑपरेटर महेंद्र यादव पोकलेन के अंदर जिंदा जल गया था। मालूम हो कि ढोरी एरिया के एसडीओसीएम परियोजना में हर तरफ अंदर ही अंदर आग धधक रही है। मजदूर जान जोखिम में डालकर कोयला निकासी का काम करते हैं।

### सदर अस्पताल में गर्भवती की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**बोकारो।** सदर अस्पताल में बुधवार को सेक्टर आठ बी आदर्शन कॉलोनी निवासी एक गर्भवती महिला उर्मिला साह (35 वर्ष) की मौत प्रसव से पहले ही हो गयी। गर्भवती के पति गंगा कुमार साहू ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से पत्नी की मौत होने का आरोप लगाया है। समय रेफर करने में आनाकानी करने की बात कही है। बुधवार को शव को बीजीएच के मोर्चरी में रखवा दिया गया था। गुरुवार को मृतका के परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर दोषी चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। फिलहाल सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतका उर्मिला साह के पति गंगा साह ने गुरुवार को उपायुक्त को एक पत्र भेजा है। पत्र में कहा है कि उनकी पत्नी उर्मिला को प्रसव पीड़ा के बाद 24 अप्रैल की सुबह आठ बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। सुबह आठ बजे अस्पताल में बैक-टू-बैक तीन अल्ट्रासाउंड किया गया और गर्भ में बच्चे के मृत होने की जानकारी दी गयी। इसके बाद चिकित्सकों ने कहा कि सामान्य प्रसव के जरिये बच्चे को बाहर निकाल लिया जायेगा।

## महंगाई आसमान से बातें कर रहीं, लोग पलायन के लिए हो रहे बाध्य : जोबा मांझी

**जैंतगढ़।** सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने जैंतगढ़ के बाबूसाही स्थित मां पाउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना कर विजय श्री प्राप्त करने की कामना की। वहीं, भंगा पुल चौक पर आम जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा देश में बहुत गफलत का माहौल है। हर चीज पर अनिश्चितता का माहौल है। जन विरोधी एनडीए सरकार कब देश का कौन-सा इंफ्रास्ट्रक्चर बेच दे, कहना मुश्किल है। महंगाई आसमान से बातें कर रही हैं। लोग पलायन को बाध्य हैं। आदिवासी मूलवासी, पिछड़ा दलित अगड़ा सब शोषित हैं। हमारे जल, जंगल, जमीन का अस्तित्व खतरे में है। भारत में लोक तंत्र बचाने के लिए और संविधान की रक्षा करने के लिए अब जनता को मोर्चा संभालना होगा। लोक तंत्र और संविधान हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। जनता जनार्दन देश के असल अभिनेता और कर्मदाता हैं। एक ऐसी सरकार चुनें, जो लोकतंत्र और संविधान में भरोसा रखती है।

## वेदांता ईएसएल के कर्मियों को मिला राष्ट्रीय स्वर्ण सम्मान

- पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता को मिली मान्यता

संवाददाता, बोकारो

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता, नवीन भावना और समर्पण के परिणामस्वरूप वेदांता ईएसएल की उपलब्धियों में गुरुवार को एक और नया आयाम जुड़ गया है। वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय ईएचएस सर्किल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। देश



भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में इसके लिए 59 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। यह वार्षिक प्रतियोगिता सीआईआई नेशनल ईएचएस सर्किल प्रतियोगिता भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित की जाती है और पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है।

इस प्रोजेक्ट के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता वह अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन के तहत एआई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार था। इस परियोजना के अलावा ई एस एल स्टील लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग के लिए भी खुद को नामांकित किया।

ई एस एल टीम में के संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। इस अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी रवीश शर्मा ने कहा कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ईएसएल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम दर्ज कर चुका है।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे



ललित गर्ग

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए।

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्र्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्र्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।



पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है 'विश्वमानव' का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा ह्यडर्टी बमह्न का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निमार्ता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### विज्ञापन का विज्ञापन

भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पंतजलि आयुर्वेद को कड़ी फटकार लगाई। अपनी दवाओं के लिए भ्रामक दावों को लेकर अदालत की अवमानना करने पर सुनवाई चल रही है। अदालत ने आदेश जारी किया कि वह बड़े साइज में माफीनामे का विज्ञापन जारी करें। रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि माफीनामा 67 अखबारों में दिया गया है। इस पर अदालत ने जानना चाहा कि क्या यह पिछले विज्ञापनों के आकार का था। रोहतगी के इस पर केवल दस लाख रुपये खर्च करने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही, यह भी कहा कि हमें पंतजलि के खिलाफ ऐसी याचिका दायर करने के लिए आईएमए पर एक हजार करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने की मांग की गई है जिस पर अदालत ने प्रॉक्सी याचिका होने का संदेह व्यक्त किया। केंद्र को इस पर जागना चाहिए कहते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को भी लताड़ लगाई। पंतजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्रवाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को अपने समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। यह सुनवाई इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर जारी है। पंतजलि योगपीठ को भी अब सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा, जुमार्ना और ब्याज के रूप में उसे साढ़े चार करोड़ रुपये भी अदा करने हैं। विभिन्न रिपोट्र्स के अनुसार रामदेव की नेटवर्थ चौदह सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की है। पंतजलि का कुल रेवन्यू तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। निःसंदेह उन्होंने आयुर्वेद और योग को पुनः प्रचारित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके अलावा, योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति आमजन में ललक पैदा करने में भी उन्होंने महती भूमिका निभाई है। मगर इसके लिए भ्रम फैलाने या भ्रामक विज्ञापनों के जरिए जनता को बरगलाने की उन्हें छूट तो नहीं ही मिल सकती। मंत्रालय को भी इसके लिए दोषी माना जाना जरूरी है। बात यहां अकेले पंतजलि की नहीं है, बल्कि कोई भी कंपनी अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए यदि इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश करती है तो उस पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, भविष्य में भी इस तरह की हरकत करने पर भारी जुमार्ना जड़ा जाना चाहिए। मरीजों और उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर जिस तरह की लापरवाही अपने यहां जारी है, उसे रोकने के कड़े कदम तत्काल उठाए जाने बेहद जरूरी हैं।





## चिंतन-मनन

### भावना भी समझें


एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।

हर आदमी ?से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

# घटता मतदान प्रतिशत किस खतरें का संकेत...?



ओमप्रकाश मेहता




विश्व के सबसे बड़े और प्राचीन लोकतंत्री देश भारत की आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद आज विश्वस्तर पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या भारत में लोकतंत्र के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? क्या देशवासी लोकतंत्र की कथित राजनीतिक तानाशाही से परेशान होकर 'अंग्रेज राज' को याद कर रहे है? क्या लोकतंत्र की रीढ़ चुनाव प्रणाली के प्रति आम रूचि कम हो रही है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है।

वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है। वहीं युवा वर्ग की भी प्राथमिकता में मतदान नही है, उसकी सोच है कि 'अवकाश की मौजमस्ती में यदि समय मिला तो वोट डाल आएंगें' और यदि वह इन क्षणों में मतदान केन्द्र पर जाता है और उसे वहां वोट डालने वालों की लम्बी लाईन नजर आती है तो वह बिना वोट डाले वापस अपनी मस्ती में शामिल हो जाता है, कुल मिलाकर मतलब यह कि मतदान अब युवाओं की प्राथमिकता नही रहा, और इस वर्ग के सदस्यों को परिवार के वृद्धजन कितना ही लोकतंत्री महत्व नागरिक कर्तव्य का ज्ञान दे, किंतु इस कथित अरूचिपूर्ण उपदेश को वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल बाहर करता है, मतदान प्रतिशत दिनों दिन कम होने का यह भी एक मुख्यकारण है।

भारत की इस अहम् समस्या के पीछे दोषी युवा वोटर नहीं बल्कि हम सब है, जिन्होंने हमारी नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता व राष्ट्र्रभक्ति का पाठ ही नही पढ़ाया, यदि उनकी प्रारंभिक घरेलु शिक्षा में इस विषय को भी शामिल कर लिया होता तो आज हमें यह दिन देखने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वैसे यदि अपने दिल पर हाथ रखकर यदि हम यह आत्मचिंतन करें कि हम स्वयं कितने राष्ट्र्रभक्त व नागरिक कर्तव्यों व अधिकारों के सही उपयोगकर्ता है? तो हम स्वयं अपने से ही निराश होगें, क्योंकि हम भी पारिवारिक व सामाजिक आपाधापी में देश और अपने कर्तव्यों के बारे में आत्मचिंतन-मनन करने का वक्त ही कहां मिल पाता है?

....पर अभी भी वक्त है, हमें अपनी नीजि चिंताओं के साथ राष्ट्र की चिंता के साथ भी जुड़ना पड़ेगा और आज की राजनीति देश को किस दिशा में ले जा रही है, इस पर गंभीर देशहित में आत्मचिंतन करना पड़ेगा, वर्ना फिर हमें भी वही घीसी-पीटी कहावत 'अब पछतावत होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत', बार-बार दोहराना पड़ेगा, इसलिए चुनावी लोकतंत्र की इस अहम् बेला में मेरा अनुरोध है कि पूरा देश इन संकेतों को गंभीरता से लेकर आत्मचिंतन कर देशहित में कुछ संकल्प लें।

# दुनिया को समझना होगा 'माता भूमि, पुत्रोह्म पृथिव्याः' का निहितार्थ



आज प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं।

प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो (।2) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुनः चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें।

एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें।

किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे।

जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168।96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है।

भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अतः उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मैगा वाट सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है।उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। अतः जरूरत टकराव की नहीं बल्कि विचार आदान-प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह की अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, ग्लेशियर पिघलने की, रेगिस्तानों में अभूतपूर्व बारिश की, समुद्री जल स्तर बढने की जो घटनाएं हो रही हैं ये दुनिया भर के लिए चेतावनी हैं। दुबई, इंडोनेशिया, और अफ्रीकी देशों की हाल की बेमौसमी बाढ़ें, यूरोप और अमेरिकी देशों के बेमौसमी बफीर्ले तूफान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हैं। गरीब देशों और कृषि प्रधान देशों पर इसका सबसे ज्यादा हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। गरीब देशों में भी सबसे गरीब लोग ही ज्यादा प्रभावित हों रहे हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन सामाजिक न्याय के लिए भी वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बन कर खड़ा है, जिससे निपटने में देर आत्मघाती ही सिद्ध होगी।

**- कुल भूषण उपमन्यु**

**माना जाता है कि घर के आंगन में तुलसी का पौधा हो तो घर का कलह और अशांति दूर होती है। घर-परिवार पर मां लक्ष्मी जी की विशेष कृपा बनी रहती है। इतना ही नहीं प्रतिदिन दही के साथ चीनी और तुलसी के पत्तों का सेवन करना बहुत शुभ माना जाता है।**



## आपका सौभाग्य जगाएगी
# पवित्र तुलसी



### तुलसी का तांत्रिक उपाय....

- सबसे पहले तुलसी के 7 पत्ते (तुलसीदल) और 7 काली मिर्च अपनी मुट्ठी में लें।
- इसके बाद जिसकी नजर उतारना है उसे लेटा कर उस बंद मुट्ठी से उक्त व्यक्ति के सिर से पैर तक मंत्र बोलकर 21 बार उतार लें।
- तत्पश्चात काली मिर्च पीड़ित व्यक्ति को चबाने के लिए दें और तुलसी के पत्तों को हाथ से मसलकर निगलने को दें।
- फिर पीड़ित व्यक्ति को लेटा कर उसके पांव के तलवों को किसी कपड़े से सात या ग्यारह बार झाड़ देने से नजर का प्रभाव दूर होता है।



तुलसी के बारे में हिंदू मान्यताओं में बताया गया है कि हर घर के बाहर तुलसी का पौधा होना अनिवार्य है। इतना ही नहीं, बल्कि जो व्यक्ति प्रतिदिन तुलसी का सेवन करता है, उसका शरीर अनेक चंद्रायण व्रतों को फल के समान पवित्रता प्राप्त कर लेता है।

जल में तुलसीदल (पत्ते) डालकर स्नान करना तीर्थों में स्नान कर पवित्र होने जैसा है और जो व्यक्ति ऐसा करता है वह सभी यज्ञों में बैठने का अधिकारी होता है। इतना ही नहीं यह वास्तु दोष भी दूर करने में सक्षम है।

प्रतिदिन तुलसी का पूजन करना और पौधे में जल अर्पित करना हमारी प्राचीन परंपरा है। जिस घर में प्रतिदिन तुलसी की पूजा होती है, वहां सुख-समृद्धि, सौभाग्य बना रहता है। धन की कभी कोई कमी महसूस नहीं होती। अतः हमें विशेष तौर पर प्रतिदिन तुलसी का पूजन अवश्य करना चाहिए। माना जाता है कि घर के आंगन में तुलसी का पौधा हो तो घर का कलह और अशांति दूर होती है। घर-परिवार पर मां लक्ष्मी जी की विशेष कृपा बनी रहती है। इतना ही नहीं प्रतिदिन दही के साथ चीनी और तुलसी के पत्तों का सेवन करना बहुत शुभ माना जाता है।

पौराणिक शास्त्रों के अनुसार तुलसी के पत्तों के सेवन से भी देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है। दही के साथ तुलसी का सेवन करने से कई प्रकार के आयुर्वेदिक लाभ भी प्राप्त होते हैं। जैसे-दिनभर कार्य में मन लगा रहता है, मानसिक तनाव नहीं रहता, शरीर हमेशा ऊर्जावान बना रहता है।

यदि किसी को अचानक नजर लग जाए तो तुलसी का निम्न तांत्रिक उपाय करने पर लाभ प्राप्त होता है।

# असल में कितने देवी-देवता हैं और क्यों?



ऐसी मान्यता है कि हिंदू देवी-देवताओं की संख्या 33 या 36 करोड़ है, लेकिन ये सच नहीं है। वेदों में देवताओं की संख्या 33 कोटी बताई गई है। कोटी का अर्थ प्रकार होता है जिसे लोगों ने या बताने वाले पंडित ने 33 करोड़ कर दिया। यह भ्रम आज तक जारी है। देवी और देवताओं को परमेश्वर ने प्रकाश से बनाया है और ये प्रमुख रूप से कुल 33 हैं। ये सभी ईश्वर के लिए संपूर्ण ब्रह्मांड में कार्य करते हैं। देवताओं को इस्लाम में फरिश्ते और ईसाई धर्म में एंजेल कहते हैं। देवताओं की शक्ति और सामर्थ के बारे में वेद और पुराणों में उल्लेख मिलता है। हालांकि प्रमुख 33 देवताओं के अलावा भी अन्य कई देवदूत हैं जिनके अलग-अलग कार्य हैं और जो मानव जीवन को किसी न किसी रूप में प्रभावित करते हैं। इनमें से कई ऐसे देवता हैं? जो आधे पशु और आधे मानव रूप में हैं। आधे सर्प और आधे मानव रूप में हैं।

पहले ये सभी देवी और देवता धरती पर निवास करते थे और अपनी शक्ति से कहीं भी आया-जाया करते थे। मानवों ने इन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा है और इन्हें देखकर ही इनके बारे में लिखा है। महाभारत काल तक ये देवता धरती पर रहते थे, लेकिन महाभारत काल के बाद सभी अंतरिक्ष में चले गए और कुछ सूक्ष्म रूप में धरती पर रहकर उन्हें जो कार्य सौंप रखा है वह करते हैं।

## तीन स्थान और 33 देवता

### त्रिलोक्य के देवताओं के तीन स्थान नियुक्त है

- 1. पृथ्वी 2. वायु और 3. आकाश।

### प्रमुख 33 देवता ये हैं

12 आदित्य, 8 वसु, 11 रुद्र और इंद्र व प्रजापति को मिलाकर कुल तैतीस देवी और देवता होते हैं। प्रजापति ही ब्रह्मा है, 12 आदित्यों में से एक विष्णु है और 11 रुद्रों में से एक शिव है। कुछ विद्वान इंद्र और प्रजापति की जगह 2 अश्विन कुमारों को रखते हैं। उक्त सभी देवताओं को परमेश्वर ने अलग-अलग कार्य सौंप रखे हैं।

### 8 वसु

आप,ध्रुव, सोम, धर, अनिल, अनल, प्रत्यूष और प्रभाष।

### 12 आदित्य

अंशुमान, अर्यमन, इंद्र, त्वष्टा, धातु, पर्जन्य, पूषा, भग, मित्र, वरुण, वैवस्वत और विष्णु।

### 11 रुद्र

मनु, मन्यु, शिव, महत, ऋतुध्वज, महिनस, उम्रतेरस, काल, वामदेव, भव और धृत-ध्वज ये 11 रुद्र देव हैं। इनके पुराणों में अलग-अलग नाम मिलते हैं।


### 2 अश्विनी कुमार

अश्विनीकुमार त्वष्टा की पुत्री प्रभा नाम की स्त्री से उत्पन्न सूर्य के दो पुत्र हैं। ये आयुर्वेद के आदि आचार्य माने जाते हैं।



### गायत्री के 24 अक्षरों में विद्यमान 24 देवताओं के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अग्नि | 7. बृहस्पति | 13. पूषा | 19. मातृक |
| 2. प्रजापति | 8. मित्रावरुण | 14. इन्द्राग्नि | 20. विष्णु |
| 3. चन्द्रमा | 9. भग | 15. वायु | 21. वसुगण |
| 4. ईशान | 10. अर्यमा | 16. वामदेव | 22. रूद्रगण |
| 5. सविता | 11. गणेश | 17. मैत्रावरूण | 23. कुबेर |
| 6. आदित्य | 12. त्वष्टा | 18. विश्वेदेवा | 24. अश्विनीकुमार। |




### 1.आकाश के देवता अर्थात स्वः (स्वर्ग)

सूर्य, वरुण, मित्र, पूषन, विष्णु, उषा, अपांनपात, सविता, त्रिप, विंवस्वत, आदिंत्यगण, अश्विनद्वय आदि।

**2. अंतरिक्ष के देवता अर्थात भूवः (अंतरिक्ष)**

पर्जन्य, वायु, इंद्र, मरुत, रुद्र, मातरिश्व, त्रिप्रआप्त्य, अज एकपाद, आप, अहितर्बुध्न्य।

### 3. पृथ्वी के देवता अर्थात भूः (धरती)

पृथ्वी, उषा, अग्नि, सोम, बृहस्पति, नदियां आदि। अज एकपाद और अहितर्बुध्न्य दोनों आधे पशु और आधे मानवरूप हैं। मरुतों की माता की चितकबरी गाय है। एक इन्द्र की वृषभ (बैल) के समान था। राजा बली भी इंद्र बन चुके हैं और रावण पुत्र मेघनाद ने भी इंद्रपद हासिल कर लिया था। इसके अलावा विश्वदेव, आर्यमन, तथा ऋतु नाम के भी देवता हैं। अर्यमनन पित्रों के देवता हैं, तो ऋतु नैतिक व्यवस्था को कायम रखने वाले देवता।

### प्राकृतिक शक्तियां

अग्नि, वायु, इंद्र, वरुण, मित्र, मरुत, त्वष्टा, सोम, ऋभुः, द्यौः, पृथ्वी, सूर्य (आदित्य), बृहस्पति, वाक, काल, अन्न, वनस्पति, पर्वत, पर्जन्य, धेनु, पूषा, आपः, सविता, उषा, औषधि, अरण्य, ऋतु, त्वष्टा, श्रद्धा आदि। गायत्री मंत्र के 24 अक्षरों को 24 देवताओं संबंधित माना गया है। इस महामंत्र को 24 देवताओं का एवं संघ, समुच्चय या संयुक्त परिवार कह सकते हैं। इस मंत्र के जाप से 24 देवता जाग्रत हो उठते हैं।

### गायत्री ब्रह्मकल्प में देवताओं के नामों का उल्लेख

1-अग्नि, 2-वायु, 3-सूर्य, 4-कुबेर, 5-यम, 6-वरुण, 7-बृहस्पति, 8-पर्जन्य, 9-इन्द्र, 10-गन्धर्व, 11-प्रोष्ठ, 12-मित्रावरूण, 13-त्वष्टा, 14-वासव, 15-मरूत, 16-सोम, 17-अंगिरा, 18-विश्वेदेवा, 19-अश्विनीकुमार, 20-पूषा, 21-रूद्र, 22-विद्युत, 23-ब्रह्म, 24-अदिति । 33 देवी और देवताओं के कुल के अन्य बहुत से देवी-देवता हैं- सभी की संख्या मिलाकर भी 33 करोड़ नहीं होती,लाख भी नहीं होती और हजार भी नहीं। वर्तमान में इनकी पूजा होती है।

### शिव-सती

सती ही पार्वती है और वहीं दुर्गा है। उसी के नौ रूप हैं। वही दस महाविद्या है। शिव ही रुद्र हैं और हनुमानजी जैसे उनके कई अंशावतार भी हैं।

### विष्णु-लक्ष्मी

विष्णु के 24 अवतार हैं। वहीं राम है और वही कृष्ण भी। बुद्ध भी वही है और नर-नारायण भी वही है। विष्णु जिस शेषनाग पर सोते हैं वही नाग देवता भिन्न-भिन्न रूपों में अवतार लेते हैं। लक्ष्मण और बलराम उन्हीं के अवतार हैं।

### ब्रह्मा-सरस्वती

ब्रह्मा को प्रजापति कहा जाता है। उनके मानसपुत्रों के पुत्रों में कश्यप ऋषि हुए जिनकी कई पत्नियां थी। उन्हीं से इस धरती पर पशु, पक्षी और नर-वानर आदि प्रजातियों का जन्म हुआ। चूंकि वह हमारे जन्मदाता हैं इसलिए ब्रह्मा को प्रजापिता भी कहा जाता है।

### निष्कर्ष

आपने देखा की 12 आदित्यों में से ही एक विष्णु और 11 रुद्रों में से ही एक शिव और ब्रह्मा को ही प्रजापति कहा गया है। 8 वसु भी दक्षकन्या वसु के पुत्र थे जिनके पिता कष्यप ऋषि थे और 11 रुद्रों के पिता भी कश्यप ऋषि थे। रुद्रों की माता का नाम सुरभि था।

# क्या आप भी देखते हैं धन के सपने...

**जीवन में कई बार हमें विचित्र किस्म के सपने आते हैं जिनका वर्तमान से तालमेल बैठाना मुश्किल होता है। अगर हम एकाग्र होकर, गहराई से उनका विश्लेषण करें तो उनके इशारे और परिणाम को जानने में सफलता मिल सकती है।**



* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में स्वयं को प्याज खाता हुआ देखता है तो उसको खोई हुई प्रतिष्ठा मिल जाती है अथवा कोई गड़ा पड़ा धन मिल जाता है।
* स्वप्न में व्यक्ति सफेद कबूतर देखता है तो उसे विदेश में सम्मान मिलता है।
* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में यह देखे कि उसके पास भेड़ बकरियां अथवा गाएं हैं तो उसके धन एवं समृद्धि में आशातीत वृद्धि होती है।
* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में अपनी नाक को बहुत बड़ी देखे तो उसे आदर-सम्मान प्राप्त होता है।
* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में देखे कि वह भिखारी हो गया है तो उसकी समृद्धि दिनोंदिन बढ़ती है।
* यदि कोई औरत स्वप्न में बुलबुल या किसी अन्य चहचहाने वाले पक्षी को देखे तो उसे संतान की प्राप्ति होती है

# भीषण अग्निकांड में पांच दर्जन घर जलकर स्वाहा



**सहरसा।** जिले के पतरघट प्रखंड के धबौली दक्षिणी पंचायत के टेकनमा में गुरुवार की दोपहर चूल्हे की चिंगारी से आग लगने के कारण लगभग पांच दर्जन घर जलकर स्वाहा हो गया। ग्रामीणों के अनुसार टेकनमा निवासी मो.नजीर पिता मो.मोती मियां के टाट व चदरा के घर से आग की धुआं निकला। देखते ही देखते आग आग की भयावहता भयानक रूप धारण कर लिया। तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा प्रयास करने से आग पर काबू पाया जा सकता था, लेकिन जब तक ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू करने का प्रयास किया गया। आग की भयावहता लोगों को अपने दूर रहने को मजबूर कर रखा था।

लोगों ने आग लगने की सूचना स्थानीय थाना सहित अंचल कार्यालय को दिया। सूचना पर पहुंची अग्नि शमन की दो छोटी गाड़ी आग बुझाने के लिए कम पड़ गयी। उसके बाद दो बड़ी दमकल पहुंचा। दो से तीन घंटे के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक लगभग पांच घर जलकर राख हो गये थे।

मौके पर सीओ राकेश कुमार, सीआई अनिल कुमार मिश्र, मुखिया रमेश चन्द्र राणा सहित कई राजस्व कर्मचारी टेकनमा में जमें रहें। वहीं मुखिया रमेश चन्द्र राणा ने कहा पतरघट में अग्निशमन दमकल की व्यवस्था के लिए कई वार आवाज उठाया गया था, लेकिन विभागीय एवं प्रशासनिक स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्यारह पंचायत का प्रखंड पतरघट में अग्निशमन दमकल की व्यवस्था रहने पर ऐसी स्थिति पर ससमय काबू पाया जा सकता है। सीओ राकेश कुमार ने बताया कि आग लगने से बेघर लोगों की सूची तैयार की जा रही है। सूची तैयार होते ही विधिसम्मत कार्रवाई करते सरकारी स्तर से सभी अग्नि पीड़ितों को सहयोग की जाएगी।

## शार्ट सर्किट की चिंगारी सें लाखों का फसल जलकर राख

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र के कटौना गांव व नवादा जिला के कुटरी गांव के खंधा में गेंहू के खेत में आग लगने से लगभग दो सौ एकड़ गेंहू का फसल जलकर राख हो गया। नवादा और नालंदा का सीमावर्ती क्षेत्रों में कटौना व कुटीर गांव है इसलिए दोनों गांवों का खेत भी सटा हुआ है ।ग्रामीणों का कहना है कि शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से दोनों गांवों का पके हुए गेंहू फसल के खेत में आग लग गया, जबकि ग्रामीणों के आग बुझाने का अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया है।सबसे अधिक फसल की क्षति कटौना गांव निवासी भूवन रंजन सिन्हा तथा नवादा जिला अन्तर्गत वारसलीगंज थाना क्षेत्र के कुटरी गांव निवासी सुरेश सिंह व अन्य लोगों का गेंहू का फसल खेतों में ही जल कर राख हो गया।

## रोहतास में घर में लगी आग, दादी और पोते सहित दो पशु जिंदा जले

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के लिलवछ पंचायत अंतर्गत डांगरा टोला में आज दोपहर एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगने से एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला सहित एक बच्चा जिंदा जल गया। मृत महिला डांगरा टोला निवासी भोला चौधरी की मां राजमुनी कुवंर 70 वर्ष तथा उनका 12 वर्षीय पौत्र अजीत कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विनय कुमर मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि दमकल की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेजा जा रहा है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने संभावना व्यक्त किया कि डांगरा टोला निवासी सुरेंद्र चौधरी उर्फ भोला चौधरी के घर के पीछे में कूड़ा रखा हुआ था जिसमें आग लगने के कारण झोपड़ीनुमा सुरेंद्र चौधरी का घर आग के चपेट में आ गया ।देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। दोपहर होने के कारण घर के लोग अंदर आराम कर रहे थे। मृतक राज मुनि कुंवर एवं अजीत कुमार भी मड़ई में आराम कर रहे थे तभी आग के चपेट में आ गए। देखते ही देखते आग इतना विकराल रूप ले लिया था कि वृद्ध महिला तथा बच्चा घर से बाहर निकल नहीं पाए और उसी में जल गए। इसके अलावे आग लगने से भोला चौधरी का दो भैंस, एक मोटरसाइकिल , साइकिल तथा घर का पूरा समान पुरी तरह से जलकर स्वाहा हो गया। आग ने वीरेंद्र चौधरी, केशव चौधरी, विश्वनाथ चौधरी तथा उनके तीन लड़के मंतोष चौधरी अशोक चौधरी तथा संतोष चौधरी का भी घर जला कर राख कर दिया।

मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह उर्फ बम सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के अथक प्रयास एवं दमकल के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। समय पर दमकल नहीं आता तो पूरा गांव ही आग के चपेट में आ जाता।

# बिहार की पांच सीटों पर आज 50 प्रत्याशियों का होगा फैसला

- किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर व बांका में वोटिंग आज

संवाददाता,पटना

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण बिहार की पांच लोकसभा क्षेत्रों किशनंगज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में शुक्रवार की सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जायेगा। मतदान को लेकर आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। पांच लोकसभा क्षेत्रों में कुल 9322 मतदान केंद्रों पर 93 लाख 96 हजार 298 मतदाता अपने मताधिकार का का प्रयोग करेंगे। पांच लोकसभा क्षेत्रों में कुल 50 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। इसमें 47 पुरुष और तीन महिला प्रत्याशी शामिल हैं।

संख्या के अनुसार सर्वाधिक 12-12 प्रत्याशी किशनगंज और भागलपुर में हैं, जबकि सबसे कम सात प्रत्याशी पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में हैं। कटिहार में नौ और बांका में 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस चरण में सभी लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए की ओर से जदयू के पांच प्रत्याशी हैं, जबकि कांग्रेस के तीन और राजद के दो लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी हैं। बसपा ने चार लोकसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतारा है। 16 निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं।मतदान को पारदर्शी बनाने के लिए कुल 4821 बूथों से वेबकास्टिंग की जायेगी, जिसकी मॉनीटरिंग जिला, मुख्यालय और आयोग स्तर पर की जायेगी।

**सबसे अधिक मतदाता भागलपुर लोस क्षेत्र में :** दूसरे चरण में कुल 93 लाख 96 हजार 298 मतदाता हैं। इसमें 48 लाख 81 हजार 437 पुरुष मतदाता जबकि 45 लाख 14 हजार 555 महिला मतदाता और 306 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इस चरण में 2379 मतदाताओं की उम्र 100 वर्ष और उससे अधिक है। सर्वाधिक 23 लाख 30 हजार 678 मतदाता भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम 12 लाख 13 हजार 866 मतदाता किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। क्षेत्रफल के अनुसार सबसे अधिक 3026।67 वर्ग किमी क्षेत्रफल वाला लोकसभा क्षेत्र बांका है, जबकि सबसे कम 2551।31 वर्ग किमी क्षेत्रफल भागलपुर लोकसभा क्षेत्र का है। दूसरे चरण में एक भी लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वाला नहीं है।सभी सामान्य श्रेणी में आते हैं।

## संक्षिप्त

### यूपी से शराब बनाने के लिए मंगायी जा रही एक करोड़ रुपये की स्पिरिट जब्त, माफिया गिरफ्तार

**कुचायकोट (गोपालगंज)।** यूपी से देसी शराब बनाने वाला स्पिरिट लेकर आ रहे ट्रक को कुचायकोट पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक, खलासी को अरेस्ट किया। उनके बताने के अनुरूप पुलिस ने शराब माफिया को भी पूर्वी चंपारण के रक्सौल में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। ट्रक से जब्त स्पिरिट से एक करोड़ रुपये की शराब बनाकर लोकसभा चुनाव में बेचने की योजना थी। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि कुचायकोट पुलिस को सूचना मिली कि तस्करी कर अवैध रूप से यूपी की तरफ से स्पिरिट बिहार लायी जा रही है। पुलिस ने सूचना मिलते ही तत्काल पीएसआइ रितांजलि कुमारी, प्रिंस कुमार तथा विवेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाकर भठवां मोड़ के पास जांच शुरू कर दी गयी।

### आपसी रंजिश में युवक की हत्या



**बिरौल (दरभंगा)।** प्रखंड क्षेत्र के 17 नंबर रोड में सहरसा- बिरौल मुख्य पथ स्थित बलरा के निकट बलरा निवासी फूलचंद्र यादव के पुत्र रोशन यादव (25) की आपसी रंजिश के चलते बीती रात हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। परिजन की ओर से देर शाम थाने में आवेदन दिया गया है।

### घायल उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव की मौत

**सासाराम।** सड़क दुर्घटना में घायल उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव शैलेंद्र नाथ की गुरुवार को मौत हो गयी। बुधवार को नोखा में रामनगर पेट्रोल पंप के समीप आरा-सासाराम पथ पर उनकी कार एक पेड़ से टकरा गयी थी। घायल अवस्था में सासाराम सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद बनारस रेफर किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संयुक्त सचिव शैलेंद्र नाथ धौडाढ़ थाना क्षेत्र के लेरूआ गांव के निवासी थे। वह बुधवार को पटना से कार से अपने गांव किसी शादी समारोह में भाग लेने आ रहे थे और उसी दौरान दुर्घटना हुई थी।

### रिटायर्ड राजस्व कर्मचारी के घर डाका

**बाजपट्टी(सीतामढ़ी)।** थाना क्षेत्र के बनगांव एराजी टोला वार्ड नंबर 12 में बुधवार की देर रात आधा दर्जन हथियारबंद डकैतों ने रिटायर्ड राजस्व कर्मचारी अरविंद चौधरी के घर धावा बोलकर नकदी व सोने के जेवरात लूट लिये। मुख्य दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसे डकैतों ने गृहस्वामी व शिक्षिका पत्नी को गन प्वाइंट पर लेकर बंधक बना लिया। वहीं, विरोध करने पर गृहस्वामी की पिटाई भी कर दी। बताया जा रहा है कि अहले सुबह करीब 3.30 बजे तक डकैतों ने लूटपाट को अंजाम देकर आराम से निकल भागे। करीब 8.50 लाख रुपये की संपत्ति लूटने की बात कही जा रही है।

### बच्ची से रेप के प्रयास में शिक्षक गिरफ्तार, जेल

**बैरिया (पचं)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शिक्षक ने 13 वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। लड़की के चिल्लाने के बाद ग्रामीण इकट्ठा हुए। यह देख शिक्षक वहां से फरार हो गया। घर में जाकर छिप गया। ग्रामीणों ने चारों तरफ से उसका घर घेर लिया। स्थिति बिगड़ते देख 112 पर फोन किया गया। 112 की टीम ने उसे घर से निकाल थाने ले गयी।

# मुजफ्फरपुर में पुलिस ने छापेमारी में दो साइबर अपराधियों को दबोचा

संवाददाता, मुजफ्फरपुर

नालंदा साइबर थाने की पुलिस ने मुजफ्फरपुर में बुधवार की देर रात छापेमारी करके साइबर फ्रॉड गिरोह के जुड़े दो अपराधियों को दबोच लिया है। नगर थाने की पुलिस के सहयोग से चंदवारा व कमरा मोहल्ला में की गयी छापेमारी में अपराधी अरबाज मंसूरी और सैयद मो। हुसैन को गिरफ्तार किया है। दोनों के घर से कई सिम कार्ड, अलग- अलग बैंकों के एटीएम कार्ड, डायरी समेत अन्य सामान जब्त किया है। बताया जाता है कि इंस्पेक्टर लक्ष्मी दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम छापेमारी करने पहुंची थी। गिरफ्तार दोनों अपराधी पुलिस बनकर लोगों को कॉल करके बेटे को रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 50 हजार से एक लाख रुपये की डिमांड करता था। उनके खिलाफ नालंदा साइबर थाने में 13 मार्च 2024 को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। गिरफ्तार अपराधियों ने नालंदा के चंडी थाना के डिहरा निवासी अजय कुमार को अपना शिकार बनाया था। साइबर फ्रॉड के एक केस में नालांदा साइबर पुलिस ने छापेमारी की है। दो बदमाश को पकड़ कर अपने साथ ले गयी है। अजय कुमार ने प्राथमिकी में बताया था कि 13 मार्च 2024 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया । प्लस 92 नंबर जो पाकिस्तान का कोड है उससे आये व्हाट्सएप कॉल करने वाले ने कहा है कि आपका बेटा दिल्ली पुलिस के द्वारा पकड़ा गया है।

# शराबी पति को पत्नी ने भिजवाया जेल

प्रतिनिधि, नवादा

नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भाईजी भित्ता गांव में एक पत्नी ने शराबी पति को गुरुवार को जेल भिजवाई। पति शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ अक्सर मारपीट किया करता था।। पत्नी ने थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना में आवेदन देकर पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति भोला यादव प्रत्येक दिन शराब का सेवन करता है।साथ ही शराब के नशे में घर आता है व मेरे साथ लड़ाई-झगड़ा एवं मारपीट करता है।पति अक्सर जान से मारने की धमकी भी देता है।पीड़ित महिला को संदेह है कि किसी दिन शराब के नशे में उसका पति कभी भी हत्या जैसा संगीन जुर्म कर सकता है।अपने पति के करतूतों से तंग आकर पीड़ित महिला ने बुधवार की शाम को डायल 112 की पुलिस टीम को कॉल किया।डायल 112 की टीम ने शराबी पति को नशे की हालत में गिरफ्तार किया।वहीं पास में रहे 500 एमएल महुआ शराब भी बरामद किया।शराबी पति को डायल 112 की टीम थाने लेकर आई।वहीं पीड़ित पत्नी ने थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित महिला द्वारा उसके पति के विरुद्ध शिकायत के आलोक में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं शराबी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### चार नाबालिगों का किया रेस्क्यू, तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** अवैध आर्केस्ट्रा संचालन की सूचना पर एसएसबी मानव तस्करी रोधी इकाई ने छापेमारी कर चार नाबालिग लड़कियो का रेस्क्यू किया है। साथ ही तीन आर्केस्ट्रा संचालक को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ अवैध आर्केस्ट्रा का संचालन किया जा रहा है,जिसमे कम उम्र की लड़कियो से अवैध कार्य कराया जा रहा है। सूचना पर सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव में संचालित पिंकी आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप से दो नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया। इसमें एक लड़की जलपाईगुड़ी की रहने वाली है,और दूसरी दिल्ली की रहने वाली है। एक आर्केस्ट्रा मालिक को गिरफ्तार किया गया।

# पूर्णिया: राजद प्रत्याशी बीमा भारती के दो पीए से 10 लाख रुपये जब्त

रूपौली (पूर्णिया)

पूर्णिया सीट से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के कथित दो पीए अरविंद कुमार जायसवाल उर्फ सूर्यनारायण जायसवाल और महावीर मंडल को गुरुवार की देर रात्रि एक बजे रूपौली थाना चौक पर पुलिस ने 10 लाख रुपये के साथ पकड़ लिया। पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी क्रम में दोनों व्यक्ति स्कॉर्पियो से गुजर रहे थे। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 10 लाख रुपये मिले। आशंका है कि बरामद कैश का चुनाव संबंधित कार्य में इस्तेमाल किया जाता। थानाध्यक्ष अमजद अली ने बताया कि रात्रि वाहन चेकिंग के क्रम में स्कॉर्पियो से 10 लाख रुपये जब्त किया गया। स्कॉर्पियो के चालक और सवार दो लोग अरविंद कुमार जायसवाल उर्फ सूर्यनारायण जायसवाल और महावीर मंडल को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि रुपये जब्त कर लिया गया है। दोनों व्यक्ति की दलील है कि व्यापारी को मकई बेची है। मकई बिक्री के रुपये लेकर जा रहे थे। थानाध्यक्ष अमजद अली ने बताया कि पुलिस की ओर से पूछताछ किये जाने के बाद आयकर विभाग को मामले की जानकारी दी गयी। इसके बाद वित्तीय जांच की प्रक्रिया पूरी करने के लिए आयकर की टीम पहुंची और दोनों व्यक्ति से आवश्यक पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार की दोपहर 12 बजे आयकर विभाग की टीम रूपौली पहुंची। चार सदस्यीय आयकर टीम दोनों व्यक्ति से बिंदुवार पूछताछ कर रही है। शाम 6 बजे के बाद भी दोनों से गहन पूछताछ जारी है।

### पप्पू यादव की कार से 50 हजार बरामद, दो गाड़ी जब्त



**पूर्णिया।** पूर्णिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कोढ़ा के दिघरी गांव में पुलिस द्वारा पप्पू यादव के समर्थकों के साथ जो गाड़ियां चल रही थी चेकिंग की जाने लगी तो एक गाड़ी से 50 नगद बरामद हुआ। दो गाड़ियों को जब्त किया गया है। पुलिस का कहना है कि हम लोग गाड़ी चेकिंग कर रहे थे तो पप्पू यादव एवं उनके समर्थकों ने विरोध करना प्रारंभ कर दिया और कुछ उनके समर्थक ब्रीफकेस लेकर भागे। यह चुनाव आचार संहिता का मामला है। दिघरी गांव जिला कटिहार में पड़ता है। एसडीओ तथा डीएसपी ने बताया कि पप्पू यादव तथा उनके समर्थकों ने अभद्रता की है । हम लोगों के साथ अभद्र भाषा बोली गई है। वहां निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं ।उनकी पुलिस से बहस हुई है। उनका आरोप है की पुलिस मेरी हत्या करवाना चाह रही है। उन्होंने कोढ़ा के डीएसपी अभिजीत सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह मेरी हत्या करवाना चाहते हैं ।मैं अपने समर्थकों के साथ इलाके में लोकसभा क्षेत्र में आम जनता से मिलने आया था परंतु यह गाड़ी रोक कर मुझे उतरवा रहे थे। पप्पू यादव तथा उनके समर्थक लगातार पप्पू यादव जिंदाबाद नीतीश तेजस्वी मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे।

## पेज एक का शेष

### माकपा ने राजमहल...

उन्होंने कहा कि राजमहल लोकसभा सीट पर माकपा के चुनाव अभियान की तैयारी बहुत पहले से चल रही थी। वहीं, प्रकाश विप्लव के अनुसार, इस इलाके में पार्टी का अपना जनाधार भी है और पिछले दो वर्षों से यहां ज्वलंत मुद्दों पर पार्टी लगातार अभियान भी चला रही है। 13 संसदीय सीटों पर भाजपा को हराने वाले प्रत्याशियों को माकपा समर्थन देगी, जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी।

### 13 राज्यों की 88...

उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। पहले चरण में मतदान का औसत लगभग 64 प्रतिशत रहा है। मणिपुर में कुछ स्थानों में दोबारा मतदान कराया गया था। मतदान सात चरणों में कराया जा रहा है। सभी सीटों के नतीजे 4 जून को आयेंगे।

**किन सीटों पर होगा मतदान :** इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान होगा। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान होगा। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा। कुछ सीटों को छोड़कर लगभग सभी जगह मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5929 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 34.8 लाख पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

**मतदान तैयारियां:** मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 3 हेलीकॉप्टर, 4 विशेष ट्रेनें और लगभग 80 हजार वाहन तैनात किए गए हैं। 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। 251 पर्यवेक्षक (89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक, 109 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। कुल 4553 उड़न दस्ते, 5731 स्थैतिक निगरानी दल, 1462 वीडियो निगरानी दल और 844 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। 1237 अंतरराज्यीय और 263 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां किसी भी अवैध आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। स्थानीय विषयों के साथ 88 सीटों पर लगभग 4195 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। 4100 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन सुरक्षा कर्मचारियों सहित पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा और 640 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किया जाएगा।

### ईस्ट इंडिया की तरह...

मांडर विधानसभा से मात्र चार लोगों ने हाथ उठाए, मंच पर बंधु तिर्की, विधायक नेहा शिल्पी उपस्थित थीं। मंचीय कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,विधायक भूषण तिर्की, जिग्गा सुसारन होरो, गीता श्री उरांव, रमा खलखो आदि शामिल थे। हवाई अड्डे पर सीएम चंपाई सोरेन का स्वागत विधायक भूषण तिर्की ने कार्यकर्ताओं के साथ बुके देकर किया।

### गांडेय विधानसभा...

**सातों सीटों पर कांग्रेस कर चुकी है उम्मीदवार घोषित :** झारखंड मुक्ति मोर्चा अब अपनी सभी पांचों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी। गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी कल्पना सोरेन को प्रत्याशी घोषित कर दिया। उधर, लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन की घटक दल कांग्रेस अपनी सभी सात सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। लोहरदगा, खूंटी, हजारीबाग, रांची, गोड्डा, चतरा व धनबाद से प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। पार्टी ने लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा, हजारीबाग से जेपी पटेल, रांची से यशस्विनी सहाय, गोड्डा से प्रदीप यादव, चतरा से केएन त्रिपाठी व धनबाद से अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

**कोडरमा से विनोद व पलामू से ममता भुइयां :** इंडिया गठबंधन के घटक दल भाकपा माले ने कोडरमा से विनोद कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है, वहीं राजद ने पलामू से ममता भुइयां को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

### पटना के होटल...

आग ने बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की और गाड़ियां मंगाई गईं। करीब दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान होटल में फंसे 30 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया है। पुलिस ने इस घटना में 6 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है।

सिटी एसपी सेंट्रल ने बताया कि अबतक 6 लोगों की इस अग्निकांड में जलकर मौत हो चुकी है जबकि आग में झुलसे 20 लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 12 लोगों को तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया है। इनमें से तीन की हालत काफी नाजुक है।

अग्निशमन विभाग की डीजी शोभा अहोतकर भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया है। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य चल रहा है। आग पर काबू पा लिया गया है और फिलहाल बिल्डिंग और उसके आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पटना पुलिस की टीम और संबंधित अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक : इओयू ने उज्जैन से गिरफ्तार पांचों आरोपितों को लिया रिमांड पर

**पटना।** बीपीएससी की ओर से आयोजित तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में उज्जैन से गिरफ्तार अभियुक्तों को विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) को पूछताछ के लिए दो दिनों के रिमांड पर लेने की इजाजत दे दी है। आर्थिक अपराध की विशेष अदालत की न्यायाधीश सारिका बहेलिया की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर बिहार पुलिस की इओयू ने उज्जैन से गिरफ्तार किये गये पांच परीक्षा माफिया शिवकुमार उर्फ डॉक्टर शिवकुमार, प्रदीप कुमार, बल्ली उर्फ संदीप, तेजस्वी कुमार और सौम्या कुमार को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया था। आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत ने पांचों अभियुक्तों को दो दिनों के पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए इओयू को सौंपने का आदेश दिया है। मालूम हो कि इस मामले में इओयू ने बिहार और झारखंड की विभिन्न जगहों पर कई दिनों तक छापामारी कर 266 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से बड़ी संख्या में प्रश्न पत्र और अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किया गया था। इस संबंध में इओयू थाना कांड संख्या 06/2024 के रूप में 16 मार्च, 2024 को दर्ज किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार किये गये 266 लोगों को जेल भेजा गया था।

## मोदी–राहुल के चुनावी भाषणों पर नोटिस

**– भाजपा–कांग्रेस पार्टी के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा**

नई दिल्ली (ईएमएस) । चुनाव आयोग ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया । यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शन 77 के तहत इश्यू किया गया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष खडगे से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है । चुनाव आयोग को पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी । शिकायत में कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं ।

आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को जिम्मेदार माना

ये शिकायतें मिलने के बाद इलेक्शन कमीशन ने भाजपा और कांग्रेस पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस भेजा । आयोग ने स्टार प्रचारकों की फौज उतारने के लिए पहली नजर में पार्टी अध्यक्षों को ही जिम्मेदार ठहराया है । आयोग ने कहा कि अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, खासतौर पर स्टार कैंपेनर्स के मामले में । ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है ।

## संदेशखाली केस में पहली एफआईआर दर्ज

कोलकाता । कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल के संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली एफआईआर दर्ज की है । इसमें 5 मुख्य आरोपियों के नाम शामिल हैं । हालांकि ये आरोपी कौन हैं, ये सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये प्रभावशाली लोग हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी । अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी। संदेशखाली की महिलाओं ने 8 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन उत्पीडऩ और जबरन जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था। मामले में 3 आरोपी शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार हिरासत में हैं ।

## अरुणाचल प्रदेश में लैंड स्लाइड

ईटानगर । अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में लैंड स्लाइड के चलते नेशनल हाईवे–313 का बड़ा हिस्सा ढह गया है । चीन सीमा से लगे दिबांग वैली जिले का संपर्क पूरे देश से कट गया । दिबांग वैली जिला प्रशासन के मुताबिक बुधवार को हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई । अधिकारियों के मुताबिक, लैंड स्लाइड में ढहे हिस्से के कंस्ट्रक्शन में कम से कम 3 दिन लगेंगे । कई दिनों से दिबांग वैली में जारी बारिश जारी की वजह से लैंड स्लाइड । दिबांग वैली को पूरे देश से नेशनल हाईवे 313 जोड़ता है । अधिकारियों के मुताबिक, दिबांग वैली में पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है । हुनली और अनीनि के बीच हाईवे 313 का काफी बड़ा हिस्सा लैंड स्लाइड में ढह गया है । हाई–वे की मरम्मत के लिए टीम भेजी गई है ।

## ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, केजरीवाल की गिरफ्तारी सही

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में ईडी ने कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद उन्होंने एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बच रहे थे। उनके इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। साथ ही जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वे दोषी हैं । ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल को किसी दुर्भावना या दूसरे कारणों से गिरफ्तार नहीं किया गया है । किसी अपराध की जांच एक ऐसा क्षेत्र है जो जांच एजेंसी के लिए रिजर्व है । उनकी गिरफ्तारी भी जांच का हिस्सा है । सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को अरविंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा था। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था । वे फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं ।

## देशभर में सौ से ज्यादा वारदातों को अंजाम देने वाले चोर को ढूंढ रही थी छह राज्यों की पुलिस, कल्याण पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याण । छह राज्यों की पुलिस उस शातिर चोर की तलाश कर रही थी, जिस पर देशभर में चोरी के 100 से ज्यादा मामले दर्ज थे। इस बीच वह चोर गुजरात पुलिस के चंगुल से भाग निकला और मुंबई से सटे कल्याण की कोलशेवाड़ी पुलिस ने उसे धर दबोचा। अब उसे गुजरात पुलिस को सौंप दिया गया है. गिरफ्तार चोर नाम राम विलास उर्फ रामा गुप्ता है. बताया गया है कि गुजरात पुलिस आरोपी राम विलास गुप्ता को बीते 10 अप्रैल को ठाणे में जांच के लिए उसे ठाणे शहर में लेकर आई थी. इसी दौरान राम विलास गुजरात पुलिस को चकमा देकर उसके चंगुल से भाग निकला। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार राम विलास एक कुख्यात चोर है. उत्तर प्रदेश का रहने वाला राम विलास गुप्ता देशभर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है. राम विलास पर सौ से ज्यादा मामले दर्ज हैं. वह महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, दिल्ली तथा आंध्र प्रदेश में कई अपराधों में फरार है। चूंकि यह शातिर चोर पुलिस हिरासत से भाग गया था, इसलिए पुलिस की कई टीमें उसे ढूंढने में लगी हुई थी । कल्याण के कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम को थाने के एक पुलिस अधिकारी दिनकर पगारे ने राम विलास के बारे में जानकारी दी। कल्याण के पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाल, एसीपी कल्याणजी घेटे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी दिनकर पगारे की पुलिस टीम एक गुप्त जानकारी के आधार पर कल्याण से सटे म्हारल इलाके में एक ढाबे पर पहुंची जहाँ राम विलास बैठा था. पुलिस ने उसे वहां से हिरासत में ले लिया. इसके बाद उसे गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया गया.

## तिहाड़ जेल में दो गुट आपस में भिड़े, चार कैदी घायल

नई दिल्ली । देश की जानी मानी तिहाड़ जेल में संदिग्ध गैंगवार और जेल में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर जेल नंबर 3 के अंदर कैदियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इसमें चार कैदियों के घायल होने की खबर है । एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार सुबह की है । पुलिस ने घटना के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत दोनों कैदियों समूह के खिलाफ मामला दर्ज किया है । पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि घायल अलग–अलग समूहों से थे । हमले का कारण जेल में अपना दबदबा स्थापित करना था । अधिकारी ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## राजस्थान में 73 हजार, 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया

जयपुर । राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 73 हजार 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया है । राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण के लिए 38 हजार 274 इसजरह के मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का उपयोग किया । जबकि प्रथम चरण के तहत 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। श्री गुप्ता ने बताया कि आम चुनाव–2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग वाले मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान किया । उन्होंने बताया कि इस विकल्प के तहत सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 73 हजार 799 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 56 हजार 691 बुजुर्ग तथा 17 हजार 108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं । इस दौरान 1062 मतदाताओं की मृत्यु होने और 1207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से उनका मतदान नहीं हो सका ।

श्री गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं में से 98 प्रतिशत से अधिक ने मतदान किया है । अब तक कुल 38 हजार 274 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है । उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया । इसमें 26 हजार 569 बुजुर्ग, जबकि 8956 दिव्यांग मतदाता है । 418 मतदाताओं की मृत्यु हुई और 614 मतदाता घर पर नहीं मिले ।

# दिल्ली में शुक्रवार नहीं होगा मेयर इलेक्शन? 'आप' का आरोप- एलजी ने रद्द किया चुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को दावा किया कि उपराज्यपाल कार्यालय ने दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव को ÷रद्द÷ कर दिया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर पद के लिए चुनाव 26 अप्रैल को होने हैं। हालांकि, मेयर चुनाव रद्द करने को लेकर आप द्वारा लगाए गए आरोपों पर उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने दावा किया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि चुनाव आयोग की अनुमति के बावजूद बीजेपी ने चुनाव रद्द कर दिया है।




दुर्गेश पाठक ने कहा कि चुनाव आयोग से इजाजत होने के बावजूद बीजेपी ने यह चुनाव रद्द करवा दिया। एलजी कार्यालय ने यह कहते हुए चुनाव रद्द कर दिया कि वह मुख्यमंत्री की सलाह पर काम करते हैं। ऐसे पहले भी उदाहरण हैं जब उन्होंने मुख्यमंत्री की सहायता और सलाह का पालन नहीं किया है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि पीठासीन अधिकारी से संबंधित फाइल को जानबूझकर लोक निर्माण मंत्री सौरभ भारद्वाज के बजाय मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा गया, जैसा कि किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, ÷अगर यह फाइल पीडब्ल्यूडी मंत्री के पास जाती तो वह पीठासीन अधिकारी को सलाह देते। ऐसा न करके सरकार पर चुनी हुई सरकार को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगा।÷

दरअसल, मेयर के चुनाव के लिए एलजी सीएम की सलाह पर एक पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति करते हैं, जो मेयर का चुनाव कराता है। लेकिन दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जेल में हैं और वह जेल से एलजी को पीठासीन अधिकारी के लिए सलाह नहीं दे सकते। पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव ने फाइल आगे बढ़ाई थी। यह फाइल सीएम कार्यालय भेजी गई थी। सीएम की अनुपस्थिति के कारण यह फाइल वापस दिल्ली के मुख्य सचिव के पास आ गयी। जिसे मुख्य सचिव ने एलजी को भेज दिया।

आप ने मेयर पद के लिए महेश खिची को नामांकित किया है, जबकि रविंदर भारद्वाज डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। 45 वर्षीय खिची वर्तमान में एमसीडी हाउस में देव नगर वार्ड नंबर 84 के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं और 2012 में इसकी स्थापना के बाद से आप से जुड़े हुए हैं। वह 2011 के इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) आंदोलन में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। , जिसने अंततः अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में क्क के गठन का मार्ग प्रशस्त किया।

## आप ने लोगों से की अपील, कहा जेल का जवाब वोट से दे जनता

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दिल्ली की जनता सेजेल का जवाब वोट से देने की अपील की। भारद्वाज और नयी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मेट्रो स्टेशन पर आने–जाने वाले लोगों में पंपलेट बांटा और उनसे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में अपने वोट का इस्तेमाल देश से तानाशाही सरकार को हटाने के लिए करने की अपील की । भारद्वाज ने कहा कि अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने से दिल्ली की जनता बहुत दुखी है । लोगों ने तय किया है कि वे अपनी वोट की ताकत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इसका जवाब देंगे । उन्होंने कहा, एक महीने बाद दिल्ली के अंदर लोकसभा का चुनाव है। दिल्ली के लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए आप अलग–अलग तरीकों का इस्तेमाल कर रही है । आज हम लोग नयी दिल्ली लोकसभा सीट से के प्रत्याशी के साथ मेट्रो स्टेशनों पर पंपलेट बांट रहे हैं और लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील कर रहे हैं । आप नेता ने कहा, आज दिल्ली के लोग इस बात से बहुत दुखी है कि उनके सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया है । दिल्ली के लोग इसका जवाब भाजपा और केंद्र सरकार को देना चाहते हैं । आप और दिल्ली की जनता ने यह तय किया है कि हम लोग जेल का जवाब वोट सेदेंगे । हम अपने वोट की ताकत से भाजपा को बताएंगे कि जो उन्होंने जो किया वह गलत किया है ।

## कांग्रेस मैनिफेस्टो समझाने के लिए खड़गे ने मांगा पीएम से समय,

# बोले- सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना बन गई है आपकी आदत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सबसे पुरानी पार्टी के 'न्याय पत्र' को समझाने के लिए उनका समय मांगा। कांग्रेस के घोषणापत्र का बचाव करते हुए, खड़गे ने कहा कि 'न्याय पत्र' का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। खड़गे ने लिखा कि आपके सलाहकार आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो हमारे घोषणापत्र में भी नहीं लिखी गई हैं। मुझे आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर हमारे 'न्याय पत्र' के बारे में समझाने में बहुत खुशी होगी ताकि देश के प्रधान मंत्री के रूप में आप कोई भी गलत बयान न दें।

कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'संदर्भ से हटकर कुछ शब्दों को पकड़ना, सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना आपकी आदत बन गई है।' मोदी के हालिया भाषणों का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि वह 'प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा से न तो हैरान हैं और न ही हैरान हैं।' उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में बीजेपी का निराशाजनक प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इस तरह की बातें करना शुरू करेंगे। कांग्रेस




वंचित गरीबों और उनके अधिकारों ('न्याय') की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों और वंचितों की कोई चिंता नहीं है।

प्रधान मंत्री पर अपना हमला जारी रखते हुए, खड़गे ने कहा, 'आपकी 'सूट-बूट की सरकार' उन कॉरपोरेट्स के लिए काम करती है जिनके करों को आपने कम कर दिया है जबकि वेतनभोगी वर्ग उच्च करों का भुगतान करता है। गरीब भोजन और नमक पर भी जीएसटी का भुगतान करते हैं और अमीर कॉरपोरेट दावा करते हैं जीएसटी रिफंड। इसीलिए, जब हम अमीर और गरीब के बीच असमानता की बात करते हैं, तो आप जानबूझकर इसे हिंदू और मुस्लिम के साथ जोड़ रहे हैं।' खड़गे का जवाब हाल के चुनावी भाषणों में प्रधानमंत्रियों द्वारा किए गए सिलसिलेवार हमलों के बाद आया है। कांग्रेस के घोषणापत्र को 'मुस्लिम लीग की छाप' कहने से लेकर सबसे पुरानी पार्टी पर 'संपत्ति के पुनर्वितरण' की साजिश रचने का आरोप लगाने तक, मोदी ने अपनी रैलियों में प्रमुख विपक्षी दल पर हमला करने में कोई शब्द नहीं छोड़ा है।

## फोन टैपिंग मामला अब भजनलाल सरकार के पाले में

**–सरकार और एजेंसियों जांच कर दोषियों पर करें कारवाई : पूनिया**

**जयपुर (एजेंसी)।** लोकेश शर्मा के फोन टैपिंगकांड के खुलासे के बाद इस मामले की बॉल अब भजनलाल सरकार के पाले में चली गई है। अब सवाल खड़ा हो गया है कि जो आरोप पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने लगाए हैं क्या भजनलाल सरकार उन तथ्यों की जांच करवाएगी? लोकेश द्वारा लगाए इन आरोपों से यह साफ होता है कि गहलोत सरकार को गिराने की साजिश में बीजेपी या उनके नेताओं की कोई भूमिका नहीं थी। लोकेश के खुलासे के बाद इस मामले में बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि भजनलाल सरकार और जांच एजेंसियों को इन तथ्यों की जांच करनी चाहिए और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

लोकेश शर्मा ने जो खुलासे किए हैं उनके मुताबिक अशोक गहलोत ने ही उन्हें पेन ड्राइव में रिकॉर्डिंग मीडिया में वायरल करने को दी थी। एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में विधायकों के खरीद-फरोख्त की बात कही गई थी। लोकेश शर्मा ने कहा कि मानेसर बाड़ेबंदी में सचिन पायलट व उनके सहयोगी, गहलोत सरकार के मंत्रियों व अन्य विधायकों के फोन सर्विलांस पर थे। अशोक गहलोत यह साजिश रच रहे थे कि पायलट गुट के लिए सचिन पायलट और उनके गुट को बदनाम किया जाए ताकि उनकी कुर्सी बची रहे। लोकेश शर्मा ने यह भी कहा कि उस वक्त डीजीपी, गृहविभाग के अफसरों को फोन टैपिंगकांड की जानकारी थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने के लिए सीएमआर में साजिशें होती रही। संजीवनी से जुड़े लोगों को सीएम हाउस बुलाया और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। रीट पेपर लीक करवाने वाले राजनीतिक लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उन्होंने कोरोनाकाल में मेडिकल उपकरणों, दवाइयों की खरीद-फरोख्त में और महिलाओं को फ्री मोबाइल देने में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। लोकेश शर्मा ने जो तथ्य पेश किए हैं, उनकी जांच करवाने की जिम्मेदारी अब भजनलाल सरकार की है। बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने भी कहा है कि मैं सरकार का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन उस वक्त बीजेपी और हम पर सरकार गिराने की साजिश रचने के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने आरोप लगाए थे।

## लालू के दामाद का टिकट काटकर... कन्नौज सीट से उतरे अखिलेश

**–बीजेपी ने नकारात्मक राजनीति की**

**कन्नौज (एजेंसी)।** शुक्रवार को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। सपा प्रमुख, (जिन्होंने 2000 और बाद में 2004 और 2009 में इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था) ने राम गोपाल यादव सहित पार्टी नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद रामगोपाल यादव ने कहा कि सपा भारी अंतर से सीट जीतेगी। उन्होंने कहा, भाजपा उम्मीदवार इस सीट पर अपनी जमानत जब्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि सपा द्वारा पूर्व मैनपुरी सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को अपने उम्मीदवार के रूप में दाखिल करने के अपने पहले के फैसले को पूरी तरह से उलटने का प्रतीक है। अखिलेश ने कहा कि मैंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी, नेताओं, कार्यकर्ताओं और सभी की भावना थी कि मैं कन्नौज से चुनाव लड़ूं। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से आशीर्वाद मिलेगा। अखिलेश ने कहा कि विकास जानबूझकर भाजपा सरकार ने रोका, क्योंकि इसकी शुरुआत समाजवादी ने की थी। बीजेपी ने नकारात्मक राजनीति की है। बीजेपी ने बार-बार लोगों का अपमान किया है...मैं पहले भी कन्नौज के लोगों की सेवा करने आया था। कन्नौज की जनता ने विकास होते देखा है। भाजपा सांसद ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव सबसे बड़ा त्यौहार है।

## रामलला के दर्शन कर नामांकन करेंगे राहुल और प्रियंका!

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा यूपी से चुनावी मैदान में उतरेंगे या नहीं, इस रहस्य से जल्द पर्दा उठने वाला है। सूत्र बताते हैं कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के बाद राहुल गांधी अमेठी से तो प्रियंका गांधी रायबरेली से नामांकन दाखिल कर सकती हैं। दावा किया जा रहा है कि कल 26 अप्रैल को केरल स्थित वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद गांधी परिवार अमेठी लोकसभा सीट और रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का रुख करेगा।



सूत्रों का कहना है कि 30 अप्रैल के पहले इस मामले पर पर कोई औपचारिक ऐलान नहीं होगा। कांग्रेस हाईकमान समेत पार्टी के कई नेता रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशी के मुद्दे पर चुप हैं। खुद राहुल गांधी भी अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर यह बोल चुके हैं कि यह फैसला भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। उन्होंने बीते दिनों कहा था कि मैं कांग्रेस का सिपाही हूं और मुझे जो आदेश दिया जाएगा, मैं उसका पालन करूंगा। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि अगर अमेठी और रायबरेली से क्रमशः राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो एक से तीन मई के बीच दोनों नेता अपनी-अपनी सीट पर नामांकन करेंगे। दोनों ही निर्वाचन क्षेत्रों में तीन मई को नामांकन का आखिरी दिन है। दोनों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 5वें चरण के तहत 20 मई को मतदान होगा। इससे पहले कांग्रेस के कम्यूनिकेशन सेल के प्रभारी जयराम रमेश समेत कई अन्य नेता इस आशय के संकेत दे चुके हैं कि राहुल और प्रियंका लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। बीते दिनों अमेठी स्थित उस घर में साफ सफाई और पेंटिंग की तस्वीरें भी सामने आईं थीं जिसमें राहुल रहते हैं।

बताया गया है कि राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी पहुंच सकते हैं। राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। वायनायड में मतदान के बाद राहुल गांधी अमेठी जा सकते हैं। यहां से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने सीपीआई की नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमेन की महासचिव और पार्टी के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा से उनका मुकाबला है। 2019 में राहुल गांधी ने वायनाड सीट से चार लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। हालांकि अमेठी सीट से हार गए थे।

# पैसों की किल्लत से दो चार हो रही अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा

**–इसरो के लिए सरकार ने खोल दिया खजाना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। अगले कुछ साल में इसरो की योजना मंगलयान-2 और शुक्र मिशन जैसे प्रोग्रामों को अंजाम तक पहुंचाने की है। इसरो के लिए मोदी सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। इसके उलट अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा फंड की किल्लत से रूबरू है। न सिर्फ नासा का बजट घटता जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी पर ऐसी कंगाली क्यों आई है? यह समझने की कोशिश करते हैं।

अक्टूबर 1957 में सोवियत संघ ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब उसने पहली आर्टिफिशियल सैटेलाइट स्पुतनिक लांच की थी। इस घटना ने अमेरिका को अपने अंतरिक्ष प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए हवा दी। वह किसी प्रतिद्वंद्वी महाशक्ति से पीछे नहीं रहना चाहता था। लिहाजा, अमेरिकी सरकार ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में संसाधन झोंककर नासा का गठन किया।

हालांकि, प्रतिस्पर्धा की वह भावना खत्म होती दिख रही है। इसका संकेत नासा की बजट कटौती को देखकर लगता है। नासा ने वित?त वर्ष 2024 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में अपने सभी मिशन, स?पेस एक?सप?लोरेशन और ऑपरेशन के लिए लगभग 27 अरब डॉलर का अनुरोध किया था। लेकिन, इसके मुकाबले नासा को लगभग 9 प्रतिशत कम रकम मिली। पिछले वर्ष की तुलना में यह 2 प्रतिशत कम थी। अब वित्त वर्ष 2025 के लिए नासा ने जो बजट अनुरोध रखा है, वह पिछले साल की मांग से 2 अरब डॉलर कम है।

दरअसल, इसका संबंध अमेरिकी सरकार के कर्ज के बोझ से है। पिछले साल देश डिफॉल्ट के कगार पर था। वह अनावश्यक खर्च को कम कर रहा है। नासा के कार्यक्रमों को उसी का हिस्सा माना जाता है। यह दिखाता है कि 1960 के दशक के बाद से समय बदल गया है।

उस समय अमेरिका चंद्रमा की दौड़ जीतने और सोवियत संघ को हराने के लिए बेचैन था। तब नासा पर पैसा लुटाने में कोई संकोच नहीं किया। 1965 में अपने चरम पर नासा की फंडिंग कुल अमेरिकी सरकारी खर्च का लगभग 5 प्रतिशत थी। उन सभी संसाधनों का उपयोग करके नासा अपोलो बनाने में सक्षम था। यह चंद्रमा पर पहले मनुष्यों को उतारने वाला अंतरिक्ष मिशन था।

यह कार्यक्रम इतना महत्वपूर्ण था कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए प्रत्येक 5 डॉलर में से 3 डॉलर अपोलो मिशन में जाते थे। नासा ने इस पर 25 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए। महंगाई की दर को एडज?स?ट कर दिया जाए, तब आज के मूल्य में यह रकम 283 अरब डॉलर बैठती है।

हालांकि, 1969 में जैसे ही अमेरिका ने चंद्रमा पर कदम रखा, फंडिंग भी बंद होने लगी। अमेरिका को लगा कि सोवियत संघ को हरा दिया है। अपोलो मिशन ने अमेरिकियों को बांट दिया। नागरिकों के एक वर्ग को यह भी लगा कि




सरकार उन लाखों अमेरिकियों की मदद करने में बेहतर पैसा खर्च कर सकती थी जो बुनियादी जरूरतें नहीं पूरी कर सकते थे। इसी के चलते नासा के लॉन्चपैड के बाहर लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। इन सबके साथ सरकार ने आगे के मिशनों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। नासा की फंडिंग धीरे-धीरे नीचे की ओर जाने लगी।

बेशक, अमेरिका में अभी भी दुनिया में सबसे अधिक अंतरिक्ष खर्च हैं। लेकिन, नासा को बजट आवंटन से 0.4 प्रतिशत से भी कम मिलता है। नासा को यह पसंद नहीं है।

# आईपीएल 2024 : पंजाब किंग्स पर जीत के इरादे से उतरेगी केकेआर

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को हराकर अपनी जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। केकेआर 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है और जीत की प्रबल दावेदार है। उसके इस सत्र में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम अब तक बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायी है। केकेआर की अब तक की सफलता में उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की अहम भूमिका रही है हालांकि उसके तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब तक इस टूर्नामेंट में और ऐसे में केकेआर उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। स्टार्क के पास इसलिए भी अच्छा अवसर है क्योंकि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज फार्म में नहीं हैं। कप्तान शिखर धवन के अलावा निचले क्रम पर शशांक सिंह और आशुतोष ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। पंजाब की टीम के 4 अंक हैं और वह प्लेआफ की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है। धवन का खेलना इस मैच में उनकी फिटने पर आधारित रहेगा। धवन पिछले दिनों कंधे में चोट लगने के कारण बाहर हो गये थे हालांकि अभ्यास सत्र में वह शामिल हुए जिससे उनके खेलने की उम्मीद हैं।

केकेआर की बल्लेबाजी सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण, फिल साल्ट के अलावा आंद्रे रसेल और कप्तान श्रेयस अय्यर पर आधारित रहेगी। इसके अलावा उसके पास रिंकू सिंह जैसा आक्रामक बल्लेबाज भी निचले क्रम पर है। अभी तक टीम के प्रमुख बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं जिससे टीम बड़े स्कोर बनाने में सफल रही है। उसने अधिकतर मैचों में 200 से अधिक रन बनाये हैं। वेंकटेश अय्यर अब तक अधिक रन नहीं बना पाये है, ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। टीम को इस मैच में नीतिश राणा की कमी खलेगी। नीतिश अच्छे बल्लेबाज होने के साथ ही स्पिनर भी हैं। .

केकेआर की गेंदबाजी अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रही है जिसमें वह लय हासिल करने का प्रयास करेगी। अब तक केवल सुनील नरेन ही कुछ हद तक प्रभावित कर पाये हैं।




उनका इकॉनॉमी रेट 7 के करीब रहा है हालांकि पिछले मैच में वह बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये थे। अब पंजाब की उम्मीदों धवन के अलावा शशांक और आशुतोष पर रहेंगी।

पंजाब को इस मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का लाभ उठाकर आक्रमक बल्लेबाजी करनी होगी। उसके पास शीर्षक्रम में प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो जैसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं जिनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। इन इनके पास इस मैच में रन बनाकर फार्म हासिल करने का अवसर है।

### टीम

**कोलकाता नाइट राइडर्स-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**पंजाब किंग्स-**शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसोयू।

# उसेन बोल्ट बने टी20 विश्व कप के ब्रॉन्ड एंबेसडर, बोले- चाहूंगा विंडीज जीते




**मुंबई (एजेंसी)।** दुबई - अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट के नाम वर्तमान में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर में क्रमशः 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड हैं। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

आईसीसी से जारी विज्ञप्ति में बोल्ट ने कहा कि मैं आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का दूत बनकर रोमांचित हूं। कैरेबियाई देशों क्रिकेट जीवन का एक हिस्सा है, इस खेल के लिए हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रहा है। बोल्ट ने कहा कि क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार ढूंढना बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा कि मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस खेल को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल बाजार है। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए हम जो ऊर्जा लाएंगे वह 2028 में एलए ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका बनाएगा।

# आईपीएल अंक तालिका में एक स्थान ऊपर आयी दिल्ली कैपिटल्स

### -ऋषभ पंत ऑरेंज कैप के दावेदारों में तीसरे नंबर पर पहुंचे

**मुम्बई (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मिली जीत के साथ ही एक साथ का लाभ हुआ है और वह छठे स्थान पर आ गयी है। वहीं गुजरात की टीम सातवें नंबर पर खिसक गयी है। दिल्ली कैपिटल्स के अब 9 मैचों में आठ अंक हैं पर -0.386 के बेहतर नेट रन रेट के कारण वह रैंकिंग में गुजरात से ऊपर आ गयी है। गुजरात की टीम अंक तालिका में नौ मैचों में 8 अंकों के साथ ही छठे से खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं अंक तालिका में अभी राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है जबकि 10-10 अंक लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर पर है। चेन्नई के 8 मैचों में 8 अंक हैं जिस कारण वह पांचवें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस 6 अंक लेकर आठवें, पंजाब किंग्स 4 अंक लेकर नौवें और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 2 अंक लेकर 10वें स्थान पर है। ऑरेंज कैप के दावेदारों में आरसीबी के विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाकर सबसे बड़े दावेदार बने हुए हैं। विराट के 379 रन हैं, दूसरे नंबर पर सीएसके के रुतुराज गायकवाड़ हैं उनके 349 रन हैं जबकि गुजरा के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर 88 रन बनाने के साथ ही दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत कुल 342 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर आ गये हैं। पर्पल कैप की सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह 13 विकेट लेकर पहले जबकि राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल 13 विकेट लेकर दूसरे नंबर हैं। पंजाब किंग्स के हर्षल पटेल भी 13 विकेट, तीसरे नंबर पर हैं। औसत और इकोनॉमी में बेहतर होने के कारण बुमराह और चहल को पहला और दूसरा स्थान मिला है।

# राहुल बनाम सैमसन, आवेश बनाम बिश्नोई या अक्षर, जल्द होगी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।




अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं।

आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है। पांड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पांड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पांड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब 9 की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं जबकि बिश्नोई ने 9 के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाए हैं। अक्षर ने सात विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

# टी20 विश्वकप से पहले भारत-पाकिस्तान मुकाबलों वाला प्रोमो जारी

मुम्बई। क्रिकेट प्रशंसकों को जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले का ब्रेसब्री से इंतजार है। इसी को लेकर अब टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने एक प्रोमो वीडियो जारी किया है। टी20 विश्वकप 2 जून से शुरू होगा। इस प्रोमो वीडियो से प्रशंसक उत्साहित हैं। इसमें पिछले दो दशकों में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए अलग-अलग मैचों के अहम पलों को शामिल किया गया है। इस प्रोमो में टी20 विश्व कप के इतिहास की कई कई यादें दिखाई जा रही हैं। इस प्रोमो की शुरुआत में महेंद्र सिंह धोनी दिखाई दे रहे हैं, जो टी20 विश्व कप 2007 के समय भारतीय टीम के कप्तान थे। इसमें मिस्बाह उल हक का अंतिम स्कूप शॉट दिखाया गया है। मिस्बाह के इसी शॉट पर उछले कैच को श्रीसंत ने पकड़ा था जिससे भारत ने 2007 टी20 विश्वकप जीता था। इसके बाद पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी और विराट कोहली नजर आते हैं। प्रोमो में रोहित, विराट को अपने कंधो पर उठाते हुए नजर आते हैं। ये तस्वीर 2022 टी20 विश्व कप की है जब विराट ने अपनी आक्रामक पारी से भारत को जीत दिलाई थी। इस मैच में विराट ने हारिस राउफ पर लगातार 2 जबरदस्त छक्के लगाए थे और मैच भारत की ओर ओर मोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने मोहम्मद नवाज के अंतिम ओवर में चौके-छक्के लगाकर भारत को जीत दिलाई थी। प्रोमो में इसके बाद टी20 विश्व कप का लोगो और शुरु होने की तारीख नजर आ रही है।

# सहवाग बोले, धोनी को टी-20 विश्वकप के लिए शामिल किया जाना चाहिये



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को आगामी टी20 विश्वकप के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखा जाना चाहिये जबकि धोनी को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। वह अभी केवल आईपीएल खेल रहे हैं। धोनी स्वयं भी संन्यास से वापसी किसी कीमत पर नहीं करेंगे क्योंकि उन्होंने हाल ही मैं संकेत दिये थे कि अगर उनका शरीर साथ देगा तभी वह अगले सत्र में खेलेंगे। वहीं सहवाग का कहना है कि आगामी टी-20 विश्वकप में धोनी को शामिल किया जाना चाहिये। टी-20 विश्वकप एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम की घोषणा कुछ ही समय में होगी। सहवाग ने एक शो पर विकेटकीपर के तौर धोनी को लेकर जाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, आईपीएल में इस बार धोनी का 255 का स्ट्राइक रेट है और औसत है ही नहीं, क्योंकि वह आउट ही नहीं हुए हैं। 34 गेंदों में अब तक धोनी ने 87 रन बनाए हैं। इसके अलावा उनकी फिटनेस भी अभी काफी अच्छी है। सहवाग ने साथ ही कहा, टी-20 विश्वकप में कीपिंग के साथ ही धोनी अनुभवी होने के कारण अंतिम ओवरों में एक बेहतर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। अभी भी वह आईपीएल में विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी कर रहे। गौरतलब है कि आईपीएल में अब तक धोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रशंसकों का अच्छामनोरंजन किया है। धोनी ने अंतिम ओवरों में आकर अपनी तूफानी बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलायी है। लखनऊ के खिलाफ मैच में धोनी ने केवल 9 गेंदों पर 28 रन बना दिये थे।

# टी20 विश्व कप में भी खेलना चाहते हैं स्टोइनिस

**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने कहा है कि वह केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिलने बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस ऑलराउंडर को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया है। माना जा रहा है कि इसका कारण उनकी बढ़ती उम्र है। स्टोइनिस अभी 34 साल के हैं। ये ऑलराडर आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से उत्साहित है और आगे भी ऑस्ट्रेलिया से खेलना चाहता है। स्टोइनिस ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए सीएसके के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपने को साबित किया है।अब उनका लक्ष्य आगामी टी20 विश्व कप के साथ ही आगे भी खेलना है।



वहीं गत माह सीए ने जो अनुबंध सूची जारी की थी उसमें स्टोइनिस को 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर कर दिया था। स्टोइनिस हालांकि सीए अनुबंध से बाहर किये जाने को अधिक महत्व नहीं देते हैं।

इस क्रिकेटर ने कहा, 'मेरे ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड के साथ अच्छे रिश्ते हैं। इस कारण से मुझे पहले से ही अनुबंध नहीं मिलने की बात पता थी। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए ही मुझे बाहर किया गया। इसमें कोई गलती भी नहीं है। अनुबंध सूची में मेरी जगह देने से ज्यादा असर नहीं पड़ता। वह राष्ट्रीय टीम के साथ अब अपने करियर में कोई बदलाव नहीं चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'लेकिन जहां तक खेलने की बात है तो निश्चित रूप से मैं ये पक्का करना चाहता हूं कि मैं राष्ट्रीय टीम में रहूं और इसलिए ही यह टूर्नामेंट हमारे लिए और विशेषकर मेरे लिए बहुत भाग्यशाली है इसलिए मैं इसे इतना पसंद करता हूं।

स्टोइनिस को जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम से बाहर कर दिया गया पर इसके बाद भी वह टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में खेलना चाहते हैं। स्टोइनिस को टी20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलियाई टीम में पांचवें स्थान पर रखे जाने की संभावना है। स्टोइनिस टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलियाई चयन के लिए योग्य होंगे क्योंकि उनका 2023-24 सत्र के लिए अनुबंध 30 जून तक है।

# बीसीसीसी ने दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख को लगायी फटकार

मुम्बई। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाना भारी पड़ा है। इसके कारण बीसीसीआई ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी है। बीसीसीआई ने रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया है। ये ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है। गुजरात के खिलाफ मैच में एक विकेट लेने के बाद रसिख ने आक्रामक जश्न मनाया था। रसिख ने इस मैच में चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली ने आखिरी ओवर तक चले मुकाबले में 4 रन से जीत हासिल की। दिल्ली ने पहले खेलते हुए अक्षर पटेल के 66 तो कप्तान ऋषभ पंत के 88 रनों की बदौलत 224 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 220 रन बनाये।

# पाक को झटका, टी20 सिरीज से बाहर हुए रिजवान और नियाजी

कराची। पाकिस्तान को करारा झटका लगा है। उसके विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टी-20 सीरीज के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ये बात कही है। पीसीबी के अनुसार जांच में रिजवान और इरफान की चोट गंभीर पायी गयी है। इसी के बाद दोनो को बाहर करने पर फैसला हुआ। रिजवान को तीसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी करते समय मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। पीसीबी के अनुसार अब उसे 10 दिन तक मैदान के बाहर रहना होगा। वहीं नियाजी की भी मांसपेशियों में खिंचाव है। इन दोनो के बाहर होने से टीम की परेशानी बढ़ गयी है क्योंकि आजम खान पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हैं। इसी कारण युवा खिलाड़ी हसीबुल्लाह को बुलाया गया है पर अन्य किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है। इस सीरीज में अभी दोनो ही टीमें एक-एक मैच में जीत के साथ ही बराबरी पर हैं।

# ऋषभ ने कैमरामैन से माफी मांग, छक्के से हुआ था घायल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी। ऋषभ की नाबाद 88 रन की पारी से दिल्ली ने 4 विकेट पर 224 रन बनाए। ऋषभ ने अपनी पारी के दौरान जमकर 5 चौके और 8 छक्के लगाये। उनका एक छक्का मैच कवर कर रहे कैमरामैन को लग गया। इसका पता चलते ही ऋषभ मैच समाप्त होने के बाद कैमरामैन के पास पहुंचे और माफी मांगी। ऋषभ के इस कार्य की सभी प्रशंसकों ने सराहना की है।

ऋषभ ने अपनी पारी के दौरान अक्षर पटेल के साथ मिलकर 113 रनों की अहम साझेदारी भी निभाई। इस साझेदारी के बल पर ही दिल्ली की टीम मुकाबला जीतने में सफल रही। अक्षर ने इस मैच में 66 रनों की तेज पारी खेलकर कैपिटल्स को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने भी अच्छा प्रयास किया। गुजरात की ओर से डेविड मिलर ने तेजी से 55 रन बनाये। वहीं अंतिम ओवरों में राशिद खान ने भी आक्रामक पारी खेली पर इसके बाद भी गुजरात को 4 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच का आकर्षण ऋषभ की पारी रही। ऋषभ ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस सत्र में अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने मोहित शर्मा के एक ही ओवर में 31 रन बना दिये। इसमें 5 गेंदों पर चौके, छक्के लगाये। इसी दौरान उनका एक शॉट कैमरामैन को लग गया जिससे वह चोटिल हो गया।

वह अभी अपनी टीम की और से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ऋषभ ने इस सतत्र में कैपिटल्स की ओर से अब तक 9 पारियों में 161.32 के शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 342 रन बनाए हैं। गुजरात के खिलाफ 43 गेंदों में 5 चौके और 8 छक्के के दम पर खेली गई नाबाद 88 रनों की पारी भी इसमें शामिल है।

# पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने संन्यास की घोषणा की

इस्लामाबाद - पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी बिस्माह मारूफ ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद मारूफ ने 276 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया जिसमें उन्होंने 6,262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए जिसमें 33 अर्धशतक और 80 विकेट शामिल हैं। 136 एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 29.55 की औसत से 3,369 रन बनाए हैं जिसमें 21 अर्द्धशतक शामिल हैं और 44 विकेट लिए हैं। 140 टी20आई में उन्होंने 27.55 की औसत से 2,893 रन बनाए हैं जिसमें 12 अर्द्धशतक शामिल हैं और 36 विकेट लिए हैं। कप्तान के रूप में मारूफ ने 96 मैचों में पाकिस्तान का नेतृत्व किया जिसमें 2020 और 2023 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2022 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप भी शामिल है। मारूफ ने आईसीसी के हवाले से अपने बयान में कहा, 'मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं जिन्होंने शुरुआत से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। पीसीबी का समर्थन अमूल्य रहा है, खासकर मेरे लिए पहली अभिभावक नीति को लागू करने में, जिसने मुझे सक्षम बनाया।'



# 'इम्पैक्ट' प्लेयर नियम से हो रहा खेल को नुकसान : एडम



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल को रोमांच बनाये रखने के लिए 'इम्पैक्ट' प्लेयर का जो नियम लाया गया है। उससे कई दिग्गज सहमत नहीं है। उनका कहना है कि ये खेल के लिए नुकसानदेह है। वहीं अब लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार ऑस्ट्रेलिया के एडम वोग्स ने कहा है कि इस नियम पर दोबारा विचार किया जाना चाहिये। उनके अनुसार इसकी जगह पर ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग का 'पावर सर्ज' होना चाहिये। इसमें बल्लेबाजी टीम को फील्डिंग पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसले की अनुमति होती है।

'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसपर कई खिलाड़ियों ने सवाल उठाये हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी ऐसे खिलाड़ियों में शामिल हैं। उनका कहना है कि ये नियम ऑलराउंडरों के लिए नुकसानदेह है। वोग्स भी रोहित से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है पर इससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों को नुकसान हुआ है। साथ ही कहा, ''इस नियम के कारण टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है पर इससे मैच में ऑल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है जबकि ऑलराउंडर हमेशा ही टीम को संतुलन प्रदान करते हैं।'' वहीं ऑस्ट्रेलिया के 'पावर सर्ज' के नियम को लेकर वोग्स ने कहा कि इससे मुकाबला दिलचस्प हो जाता है और उन्हें यह नियम पसंद आता है।

आईपीएल में जहां पारी की शुरूआत में छह ओवर का पावरप्ले होता है, वहीं बीबीएल में चार ओवर का पावरप्ले होता है। इसमें 'पावर सर्ज' सर्कल के बाहर केवल दो क्षेत्ररक्षकों का दो ओवर का चरण होता है जिसे बल्लेबाजी टीम अपनी पारी के 11वें ओवर के बाद किसी भी समय मांगती है।

# इंश्योरेंस कराते समय गाड़ी के इंजन टाइप का ध्यान रखना जरुरी

## -ऐसे प्लान लें जो आपकी पूरी गाड़ी को कवर कर सके

**नई दिल्ली।** इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदते समय कोई छोटी सी भी गलती हो जाए तो क्लेम लेने में मुश्किल आ जाती है। ऐसे में आपको ऑटो इंश्योरेंस को समझना बहुत जरूरी है जिससे कि आपको इंश्योरेंस का क्लेम लेने में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। ऑटो इंश्योरेंस कराते समय आपको गाड़ी के इंजन टाइप पर पूरा ध्यान रखना चाहिए कि वह पेट्रोल, डीजल या ईवी है। अगर आपकी ईवी या फिर हाइब्रिड है तो आपको ये जरूर जांचना चाहिए कि इंश्योरेंस में चार्जिंग केबल, कनैक्टर्स, एडाप्टर आदि भी कवर होना चहिए। इसमें आग लगना और चोरी जरूर शामिल होनी चाहिए। कवरेज का भी इंश्योरेंस में काफी महत्व होता है। ऐसे में आपको हमेशा ऐसे प्लान लेना चाहिए जो आपकी पूरी गाड़ी को कवर कर सके। आपको हमेशा कॉम्प्रीहेंसिव कवरेज प्लान चुनना चाहिए। इसमें ज्यादा कवरेज मिलता है। वहीं, अगर आप थर्ड पार्टी कवरेज लेते हैं तो इसमें गाड़ी कवर नहीं होती है। ऑटो इंश्योरेंस में आपको इंश्योरेंस डिक्लेयर्ड वैल्यू (आईडीवी) का खास ध्यान रखना होता है। आपको उन्हीं इंश्योरेंस को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो आपको अधिकतम आईडीवी वैल्यू देते हैं। आईडीवी वह वैल्यू होती है, जिस पर कंपनियां आपको क्लेम देती है।

इंश्योरेंस में ऐड ऑन कवरेज जैसे ब्रेकडाउन एसिसटेंस, टायर प्रोटेक्शन, इंजन और गेयरबॉक्स प्रोटेक्शन जैसे प्लान को शामिल करना चाहिए। आपको ऐसी कंपनी का चुनाव करना चहिए, जिसका क्लेम सेटेलमेंट रेश्यो सबसे अधिक है। आपको क्लेम प्रोसेस के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए और ऐसे इंश्योरेंस का चुनाव करना चाहिए जो सेल्फ इंस्पेक्शन क्लेम की सुविधा देता हो।आज के समय आपको ज्यादातर कंपनियों की ओर से कैशलैस गैराज की सुविधा दी जाती है। इसका फायदा यह है कि अगर गाड़ी को कोई नुकसान होता है तो गैराज में बिना पैसे दिए गाड़ी को रिपेयर करवा सकते हैं।


# एचयूएल का मुनाफा 1.6 फीसदी घटा

**नई दिल्ली ।**




देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के मुनाफे में गिरावट आई है लेकिन यह बाजार की उम्मीद से थोड़ा बेहतर रहा है। वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1.6 फीसदी घटकर 2,558 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,600 करोड़ रुपये था। एचयूएल की आय वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में महज 0.6 फीसदी बढ़कर 15,041 करोड़ रुपये रही, वहीं बिक्री में सालाना आधार पर केवल 2 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एक खबर के अनुसार विश्लेषकों ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 2,517.2 करोड़ रुपये मुनाफे और 15,156.7 करोड़ रुपये आय का अनुमान लगाया था। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही में आय 1.7 फीसदी घटी है जबकि मुनाफा 2 फीसदी बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में एचयूएल का कुल खर्च 1.15 फीसदी बढ़कर 12,100 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,962 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में एचयूएल का सकल मार्जिन 350 आधार अंक सुधरा है और विज्ञापन तथा प्रचार पर कंपनी का खर्च 200 आधार अंक बढ़ा है। एचयूएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक रुपये के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 24 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए साधारण आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी जरूरी होगी। पूरे वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का मुनाफा 10,277 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2023 में 10,120 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय बीते वित्त वर्ष 62,707 करोड़ रुपये रही जो इससे एक साल साल पहले 2022-23 में 61,092 करोड़ रुपये थी। अधिकारी ने कहा कि मांग में धीरे सुधार दिख रहा है। हमारा मानना है कि बाजार धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ जाएगा।

# स्मार्टफोन, चार्जर पड सकता है काफी महंगा



## -ले रहे इंसानों की जान, मीठे जहर जैसा है इनका असर

**नईदिल्ली ।** कई बार लोग सस्ते के चक्कर में कोई भी स्मार्टफोन, चार्जर या फिर अन्य स्मार्टफोन एसेसरीज खरीद लेते हैं, जिसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई बार इस तरह की आदतों की वजह से लोगों की जान तक जा चुकी है। ऐसे में स्मार्टफोन खरीदते वक्त आपको कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए। हालांकि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की लत से तनाव, चिंता, अवसाद और नींद की कमी जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। रिपोर्ट की मानें, तो ज्यादा देर तक फोन देखने से आंखों में थकान, सिरदर्द और गर्दन में दर्द हो सकता है। इसके अलावा यूजर्स खराब डिस्प्ले वाला फोन सस्ते के चक्कर में खरीद लेते हैं, जिससे निकलने वाली ब्लू लाइट से नींद न आने की समस्या बढ़ रही है। फोन पर ज़्यादा समय बिताने से लोगों के रिश्तों में तनाव और अकेलापन हो सकता है, जिससे सुसाइड जैसी घटनाएं हो रही है। हमेशा किसी अच्छे ब्रांड का फोन लेना चाहिए, क्योंकि खराब बैटरी या चार्जर से फोन में विस्फोट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोगों की जान तक जा चुकी है। हमेशा किसी अच्छे ब्रांड का स्मार्टफोन और चार्जर लेना चाहिए।सोशल मीडिया और फोन इस्तेमाल का वक्त सीमित करना चाहिए।फोन को गर्मी और पानी से दूर रखना चाहिए। हम सबको मिलकर फोन के इस्तेमाल को समझदारी से करना चाहिए ताकि ये हमारी जान न ले सकें।फोन के ज्यादा इस्तेमाल से हीटिंग की समस्या आती है, जिससे फोन में आग लग सकती है। किसी भी ब्रांड का स्मार्टफोन लेन से बिजली का झटका लग सकता है, क्योंकि उसमें खराब वायरिंग या पानी में गिरने से फाल्ट हो सकता है। ऐसे में हमेशा अच्छी डिस्प्ले वाले फोन खरीदने चाहिए।

# बिहार में पेट्रोल और डीजल सस्ता

**नई दिल्ली ।**

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता भी हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को भी सभी महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर ही रखी हैं। गुरुवार को बिहार में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। यहां पेट्रोल के दाम 19 पैसे घटकर 107.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 18 पैसे घटकर 93.84 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमत 67 पैसे घटकर 103.87 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 63 पैसे घटकर 90.42 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब, तामिलनाडु , तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी हैं। नई दिल्ली में पेट्रोल



की कीमत 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.62 रुपये है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल की कीमत 92.15 रुपये है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

# भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति भविष्य में कम गंभीर होगी: आरबीआई

**नई दिल्ली ।**

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के एक सदस्य ने कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल ही में कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

## कोटक महिंद्रा बैंक के नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईटी मानदंडों का बार-बार अनुपालन न करने की वजह से कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन एवं मोबाइल बैंकिंग के जरिये नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया। आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन, सूचना सुरक्षा संचालन में गंभीर कमियां पाए जाने पर ये कार्रवाइयां की गई हैं। बयान के मुताबिक, वर्ष 2022 और 2023 के लिए बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं से समय पर तथा सही तरीके से निपटने में बैंक के लगातार नाकाम रहने के बाद यह कदम उठाना जरूरी हो गया था। आरबीआई ने दिसंबर, 2020 में बार-बार प्रौद्योगिकी संबंधी खराबी सामने आने पर एचडीएफसी बैंक पर भी नए कार्ड जारी करने और नई डिजिटल पहल शुरू करने पर रोक लगा दी थी।




## एफएसएसएआई एकत्र कर रहा नेस्ले के सेरेलैक के नमूने: सीईओ

**नई दिल्ली ।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने एकत्र कर रहा है। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है। एफएसएसएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के एक कार्यक्रम के मौके पर कहा कि हम देश भर से नेस्ले के सेरेलैक शिशु आहार के नमूने एकत्र कर रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। रिपोर्ट तैयार करने के लिए विभिन्न देशों में बेचे जाने वाले करीब 150 विभिन्न शिशु उत्पादों का अध्ययन किया गया। रिपोर्ट के अनुसार छह महीने के बच्चों के लिए नेस्ले का गेहूं आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है, लेकिन भारत से विश्लेषण किए गए 15 सेरेलैक उत्पादों में एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। हालांकि नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसने पिछले पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है।

## टाटा कंज्यूमर का मुनाफा 26 फीसदी घटा

**नई दिल्ली ।**




टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स टाटा नमक और चाय जैसे कई प्रोडक्ट्स बनाती है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 26.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 212.26 करोड़ रुपये रह गया। नतीजे के साथ-साथ निवेशकों को बोर्ड ने 775 फीसदी (7.75 रुपये) फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया है। वहीं टाटा एलेक्सी का मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में मुनाफा 2.2 फीसदी घटकर 196.93 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 201.51 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 1215.4 करोड़ रुपये था। इससे पहले वित्त वर्ष में 1320.14 करोड़ रुपये था। इस दौरान आय 15,205.85 करोड़ रुपये रही। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 में यह 13,783.16 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि मुख्य रूप से ज्यादा खर्च होने के कारण कंपनी का मुनाफा कम हुआ है। इस गिरावट की वजह विलय, अधिग्रहण की लागत और वित्तीय साधनों पर मूल्य नुकसान आदि कई कारण रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने 29 नए स्टोर खोले और 6 नए शहरों में प्रवेश किया। इस वर्ष सबसे ज्यादा 95 स्टोर जोड़े गए।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**



घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी बैंकिग के साथ ही एसबीआई के शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 486.50 अंक करीब 0.66 फीसदी बढ़कर साथ 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 167.95 अंक तकरीबन 0.75 फीसदी ऊपर आकर 22,570.35 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान एक्सिस बैंक , एसबीआई, डॉ रेड्डीज लैब, जेएसडब्ल्यू स्टील और नेस्ले इंडिया निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं कोटक महिन्द्रा बैंक , एलटीआई माइंडट्री, एचयूएल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और टाइटन के शेयर गिरे हैं। वहीं गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 पर आ गया। वहीं दूसरी तरफ निफ्टी 97.15 अंक गिरकर 22,305.25 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से एक्सिस बैंक ने 3 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयर लाभ में कारोबार कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक को नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोकने के बाद बैंक के शेयर 9 फीसदी से अधिक गिरकर 1,673 रुपये पर आ गया। आज कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा की बढ़त हासिल कर फिर से 74,000 पार निकल गया था। सेंसेक्स में गुरुवार को 73,788.61 और 74,121.61 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 34.40 की बढ़त दर्ज की गई थी।

## भारतीय बाजार में सेनहैजर ने नया इयरबडस उतारा

**मुंबई ।** सेनहैजर के नए इयरबड्स मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया गया है। यह एक लेटेस्ट जनरेशन वाला फ्लैगशिप इयरबड्स है। इसकी कीमत 18,990 रुपये है। इयरबड्स ब्लैक कॉपर और मेटालिक सिल्वर और ग्रेफाइट कलर ऑप्शन में आएगा। इयरबड्स की प्री-बुकिंग 24 अप्रैल से शुरू हो गई है। इयरबड्स की बिक्री 1 मई 2024 से होगी। इसे अमेजन और लीडिंग आउटलेट स्टोर से खरीदा जा सकेगा। इस इयरबड्स में प्रीमियम टेक्नोलॉजी दी गई है। इसमें करीब एक दर्जन अपग्रेड्स और फ्यूचर फेसिंग टेक्नोलॉजी जैसे स्नैपड्रैगन साउंड टेक्नोलॉजी के साथ क्वालकॉम सपोर्ट दिया गया है। इयरबड्स में ऑराकॉस्ट और अल्ट्रा लो लेटेंसी मोड दिया गया है। इयरबड्स में हाई परफॉर्मेंस ऑडियो एक्सपीरिएंस दिया गया है।- इस सीरीज में हाई रेजोल्यूशन स्ट्रीमिंग सुविधा दी गई है। इयरबड्स में ब्लूटूथ 5.4 नेक्स्ट जनरेशन परफॉर्मेंस दिया गया है। इयरबड्स में ब्लूटूथ एलई ऑडियो के साथ एलसी 3 और ऑराकॉस्ट सुविधा दी जाएगी।

# पीएम शहबाज से कारोबारियों ने भारत से व्यापार वार्ता शुरू करने का किया आग्रह

**इस्लामाबाद ।**

पाकिस्तान के कारोबारियों ने देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से व्यापार तथा वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया है। शरीफ के साथ एक संवाद सत्र में उन्होंने यह आग्रह किया, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। पाकिस्तान की वाणिज्यिक राजधानी में सिंध सीएम हाउस में एक घंटे की बैठक के दौरान कई बड़े सवाल उठे। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन साथ ही उन्हें अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी। एक समाचार पत्र की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के तरीके तलाशने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक की। हालांकि, उनके संकल्प को उद्योग जगत के लोगों की आशंकाओं का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खासकर उच्च ऊर्जा लागत और असंगत सरकारी नीतियां के साथ व्यापार करना लगभग असंभव है। प्रधानमंत्री के संक्षिप्त भाषण के बाद सवाल-जवाब शुरू किए गए। इस दौरान व्यापार जगत के लोगों ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और अधिक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने वांछित परिणाम हासिल करने के लिए आर्थिक नीतियों पर प्रस्ताव भी साझा किए। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल के निवासी के साथ भी हाथ मिलाना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

## ऑडी जून से वाहनों की कीमत दो प्रतिशत बढ़ाएगी

**नई दिल्ली ।** जर्मनी की वाहन विनिर्माता ऑडी ने कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की। वाहन विनिर्माता ने कहा कि एक जून 2024 से बढ़ी हुईं कीमतें प्रभावी होंगी। ऑडी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत हमें एक जून 2024 से कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद वाहन विनिर्माता और उसके डीलर भागीदारों की सतत वृद्धि सुनिश्चित करना है। अधिकारी ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि बढ़ती लागत का असर हमारे ग्राहकों पर यथासंभव कम से कम पड़े। ऑडी इंडिया की खुदरा बिक्री




## हैप्पीएस्ट माइंड्स 779 करोड़ में प्योरसॉफ्टवेयर का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली ।**

आईटी कंपनी हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 779 करोड़ रुपये में प्योरसॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने 779 करोड़ रुपये की कुल खरीद पर प्योरसॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी हासिल करने के लिए निश्चित समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। हैप्पीएस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हैप्पीएस्ट माइंड्स परिवार में प्योरसॉफ्टवेयर दल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि इस अधिग्रहण के जरिए हैप्पीएस्ट का लक्ष्य बीएफएसआई और स्वास्थ्य सेवा व जीवन विज्ञान क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को मजबूत करना है। प्योरसॉफ्टवेयर का नोएडा में मुख्यालय है और इसकी वैश्विक स्तर पर उपस्थिति है। यह केंद्रित क्षेत्रों में वैश्विक उद्यमों के साथ साझेदारी करता है जिसमें बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाएं व बीमा (बीएफएसआई), स्वास्थ्य सेवा और जीवन विज्ञान, खुदरा तथा रसद के साथ ही गेमिंग और मनोरंजन शामिल हैं।



# सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज कर पासिंग आउट परेड में 112 गो मेडिकल स्नातकमन के मिललक कमीसन

**मुंबई।** पुणे कर ससस्त्र बल मेडिकल कॉलेज कर कैप्टन देवाशीष शर्मा (कीर्ति चक्र) परेड ग्राउंड में 25 अप्रैल, 2024 के आयोजित एक गो सानदार समारोह में ससस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे कर 58वां बैच कर एक सौ बारह मेडिकल स्नातकमन के ससस्त्र बल में कमीसन देल गेलक।

समारोह कर मुध गोतिया ससस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) कर महानिदेसक आउर सेना चिकित्सा कोर कर बरिस्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह रहयं। डीजीएएफएमएस कमीसनिंग परेड कर समीछा करलयं। परेड कर कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह संभरालयं।

नवनियुक्त अधिकारीमन के सुभकामना देते ससस्त्र बल चिकित्सा सेवा कर महानिदेसक कहलयं कि अधिकारीमन के पूरा समर्पन कर संगे देस आउर ससस्त्र बल कर सेवा करेक चाही। ऊ नवनियुक्त अधिकारीमन कर उज्ज्वल भविस कर कामना करलयं।

एएफएमसी कर 58वां बैच कर कैडेटमन एमयूएचएस सीतकालीन 2023 परीछामन में असाधारन परदरसन करलयं। मित्र बिदेसी देस कर पांच कैडेटमन सहित कुल एक सौ सैंतालीस कैडेट स्नातक होलयं। सअस्त्र बल चिकित्सा सेवामन में नियुक्त एक सौ बारह कैडेटमन में से सत्तासी जेंटलमैन कैडेट हयं आउर पच्चीस महिला कैडेट हयं। इकर में से अठासी के सेना, दस के नौसेना आउर चौदह ठो के वायु सेना में नियुक्त करल गेलक।

कैडेटमन कर अनुकरनीय सैछनिक उपलब्धिमन कर अनुरूप कमीसनिंग समारोह कर बाद सैछनिक पुरस्कार प्रस्तुति समारोह आयोजित करल गेलक। 'राष्ट्रपति कर स्वर्ण पदक' आउर 'कलिंग ट्रॉफी' कॉलेज कर दू गो सउबसे परतिष्ठित पुरस्कार हेके। ई बछर 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल के आउर 'कलिंग ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर के प्रदान करल गेलक।







पुणे कर ससस्त्र सेवा मेडिकल कॉलेज देस कर सिर्स पांच गो मेडिकल कॉलेज में सम्मिलित हेके। गुनवत्तापूर्न चिकित्सा सिछा आउर स्वास्थ्य सेवामन प्रदान करेक ले बिश्व अस्तर में मान्यता प्राप्त, एएफएमसी के रास्ट्र ले 75 गौरवसाली बछर कर सेवा ले 01 दिसंबर, 2023 के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित करल जाए रहे। इके 18 मार्च, 2024 के जनरल अनिल चौहान, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) द्वारा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यूनिट प्रसस्ति पत्र से भी सम्मानित करल गेलक।

ई बिसिस्ट कार्जक्रम में भाग लेवेक वाला में बरिष्ठ सेवारत अधिकारी, अनुभवी, संकाय अधिकारी, चिकित्सा आउर नर्सिंग कैडेट, कमीसन प्राप्त कैडेटमन कर मायं-बाप आउर परिवार सामिल रहे।एएफएमसी में सानदार पासिंग आउट परेड समारोह लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोटवाल, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, निदेसक आउर कमांडेंट आउर मेजर जनरल गिरिराज सिंह, डीन आउर डिप्टी कमांडेंट, एएफएमसी कर संरछन में आयोजित करल गेलक।

## गोस्सनर कॉलेज में रक्तदान कर महत आउर एड्स जागरुकता उपरे कार्जक्रम

सोनू सपवार, रांची

गोस्सनर इंटरमीडिएट कॉलेज कर बिज्ञान संकाय 25 अप्रैल, 2024 के सेमिनार कर आयोजन करलक। इकर बिसय 'रक्तदान कर महत आउर एड्स जागरुकता' रहे। कार्जक्रम कर आयोजक प्रमुख डॉ. मृदुला खेस रहयं। मुध गोतिया झारखंड एड्स नियंत्रण सोसाइटी कर संयुक्त निदेसक डॉ. रवि प्रकाश एचआईवी एड्स कर कारन आउर रोकथाम कर बारे में जानकारी देलयं। ऊ कहलयं कि संयम से हे ई बीमारी से बचल जाए सकेला। सहायक निदेसक डॉ. जूली रक्तदान कर महत साझा करलयं। बतालयं कि कइसे हमिन कर देस के ई दिसा में युवामन कर सक्रिय भागीदारी कर जरूरत हेके। ऊ मन छात्रमन के भविस में रक्तदान करेक ले प्रोत्साहित करलयं। कार्जक्रम में प्रोफेसर संजीव कुमार महतो, प्रोफेसर सहर्ष तिर्की, प्रोफेसर निश्चल लुगुन, प्रोफेसर निधि तोपनो इत्यादि उपस्थित रहयं।



## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा छउवामन कर बीच करलक खेलकूद कर आयोजन

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच कर 'एवरी किड हेल्दी विक' कार्जक्रम कर तहत मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा खेलकूद कर आयोजन करलक। कार्जक्रम कर आयोजन राणी सती बिद्यालय में होलक। इकर में इस्कूल कर छउवामन बइढ़ चइढ़ के हिस्सा लेलयं।

ई दौरान बोरा दउड़, किताब नियंतरन दउड़ आउर चमच्च-अंटा दउड़ कर प्रतिजोगिता होलक। बिजतामन के मेडल देइ के सम्मानित करल गेलक। प्रतिजोगिता कर बाद छउवामन कर बीच में ताजा फल आउर जूस कर बितरन करल गेलक। ई काम में बिद्यालय प्रबंधक साथ देलक। इकर ले शाखा सचिव शुभा अग्रवाल उनके धन्यवाद देलयं।




कार्जक्रम के सफल बनायेक में शाखा कर सदस्यमन कर साथ रहे। कार्जक्रम में शाखा अध्यछ विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा सर्राफ, दीपिका मोतिका, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार उपस्थित रहयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल देलयं।



## एनएसयूआई डोरंडा कॉलेज कर प्राचार्य के बिद्यार्थीमन कर समस्या बतालयं

**रांची।** कांग्रेस कर छात्र इकाई एनएसयूआई डोरंडा कॉलेज कर नवा प्राचार्य कर स्वागत करलयं। एनएसयूआई कर जिला महासचिव अब्दुल रबनावाज आउर कॉलेज प्रभारी कर नेतृत्व में बिद्यार्थी उनकर से मिललयं।प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा कर बुके देइ के स्वागत करलयं। बधाई देलयं। अब्दुल रबनवाज प्राचार्य के छात्रहित से संबंधित समस्यामन कर जानकारी देलयं।प्राचार्य एनएसयूआई से कहलयं कि उनकर पास डीएसडब्ल्यू पद में काम करेक कर अनुभव हेके। छात्र हित में काम करेक ही प्राथमिकता हेके। मौका में आदिया आनंद, अनीता कुमारी, शुभम कुमार, राहुल मुर्मू, ऋतुराज, प्रीतम भी मौजूद रहयं।

## टाटा स्टील यूआईएसएल बिस्व मलेरिया दिवस मनालक

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड बट से आयोजित एक गो प्रभावी जागरूकता सत्र कर संगे बिस्व मलेरिया दिवस कर समारोह करल गेलक। ई समारोह में 290 गो अदमीमन कर उत्साही भागीदारी रहे । जे मलेरिया कर खिलाफ लड़ाई में समुदाय कर प्रतिबद्धता के दरसायेला।

ई कार्जक्रम पूर्वी सिंहभूम कर सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, पूर्वी सिंहभूम कर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. ए.के. मित्रा, जेएनएसी कर उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, टाटा स्टील यूआईएसएल कर प्रबंध निदेसक रितु राज सिन्हा आउर जेएसयू कर अध्यछ रघुनाथ पाण्डेय कर उपस्थिति में आयोजित करल गेलक। ई जागरुकता सत्र कर उद्देस मलेरिया रोकथाम, उपचार, आउर ई बेमारी के खतम करेक में सामुदायिक कार्रवाई कर महत कर बारे में जागरुकता बढ़ाएक रहे। जानकारीभरल सत्र आउर रोचक चर्चामन कर माध्यम से, प्रतिभागीमन के मलेरिया कर खिलाफ आपन आउर आपन समुदाय के सुरछित राखेक ले गेयान परदान करल गेलक।













खतम करेक में सामुदायिक कार्रवाई कर महत कर बारे में जागरुकता बढ़ाएक रहे। जानकारी भरल सत्र आउर रोचक चर्चामन कर माध्यम से, प्रतिभागीमन के मलेरिया कर खिलाफ आपन आउर आपन समुदाय के सुरछित राखेक ले गेयान प्रदान करल गेलक।

कृष्ण कुमार कहलयं कि टाटा स्टील यूआईएसएल जइसन संगठनमन के सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतीमन निपटेक ले सक्रिय कदम उठाते देखेक खुसी कर बात हेके। संगे मिइल के, हमिन मलेरिया मुक्त भविस कर दिसा में महतपूर्न प्रगति कइर सकिला। टाटा स्टील यूआईएसएल कर प्रबंध निदेसक रितु राज सिन्हा सउब प्रतिभागीमन आउर हितधारकमन कर प्रति कृतज्ञता जताते कहलयं कि हमिन कर समुदाय कल्यान कर प्रति प्रतिबद्धता ब्यापार से परे हेके। जागरुकता आउर सहयोग के बढ़ावा देइ के, हमिन सउब ले लिए एक गो बेसी स्वस्थ आउर सुरछित बताबरन बनाय सकिला।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबर: 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी:** jharkhandwanitaudyog@gmail.com